

वार्षिक प्रतिवेदन
2012 – 2013

Ambedkar University Delhi

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report

2012 – 2013

"It is education which is the right weapon to cut the social slavery and it is education which will enlighten the downtrodden masses to come up and gain social status, economic betterment and political freedom"

Dr. BR Ambedkar

Ambedkar University Delhi

Ambedkar University Delhi
अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

Published by
The Registrar
Ambedkar University Delhi
Lothian Road, Kashmere Gate, New Delhi-110 006

Designed & Printed at
Amar Ujala Publications Limited
C-21, Sector-59, Noida-201301
Website: www.amarujala.com

अंतर्वस्तु

विश्वविद्यालय 5
विश्वविद्यालय निकाय 14
विश्वविद्यालय का विकास 18
संकाय 20
विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाएँ 22
विश्वविद्यालय के केन्द्र 52
विश्वविद्यालय की भौतिक परिसम्पत्तियाँ 77
परिशिष्ट–कः 86
परिशिष्ट–खः 90
परिशिष्ट–गः 91
परिशिष्ट–घः 92
परिशिष्ट–ङ.: 93
परिशिष्ट–चः 97
परिशिष्ट–छः 103
परिशिष्ट–जः 159
परिशिष्ट–झः 164
परिशिष्ट–ञः 170

विश्वविद्यालय

भारत रत्न डॉ० भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली अथवा एयूडी) दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार द्वारा 2007 में पारित विधानमंडल के अधिनियम के तहत स्थापित किया गया। इसे जुलाई 2008 में अधिसूचित किया गया। डॉ० अम्बेडकर के विचार समानता और सामाजिक न्याय से निदेशित यह विश्वविद्यालय समाज विज्ञान तथा मानविकी में शोध और अध्यापन पर ध्यान केंद्रित करने के लिये अधिदेशित है। एयूडी उच्च शिक्षा तक पहुँच एवम् सफलता के बीच सतत और प्रभावी संपर्क निर्धारित करने को अपना लक्ष्य समझता है। एयूडी मानवता, गैर–पद्सोपानीकरण, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता को परिपोषित करने के लिये प्रतिबद्ध है। वर्तमान में अंबेडकर विश्वविद्यालय दो अलग–अलग परिसरों से संचालित होता है।

द्वारका परिसर

एयूडी द्वारका परिसर सेक्टर–9 में स्थित है। द्वारका में यह एकीकृत प्रौद्योगिकी संस्थान एवम् राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ परिसर का सम्मिलित रूप से प्रयोग करता है। इस परिसर में विकास अध्ययन शिक्षालय, मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय, व्यवसाय लोक नीति और सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय, शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय, आरंभिक बाल शिक्षा और विकास केंद्र, सामाजिक विज्ञान पद्धति केंद्र और साथ ही विश्वविद्यालय की अकादमिक सेवाएँ स्थित हैं। जून 2012 में एयूडी इस परिसर को छोड़कर अपना पूरा कार्य कश्मीरी गेट से संचालित करने लगा है।

कश्मीरी गेट परिसर

एयूडी का कश्मीरी गेट परिसर लोथियन रोड पर स्थित है। इस परिसर में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गाँधी प्रौद्योगिकी संस्थान भी सम्मिलित है। एयूडी का कश्मीरी गेट परिसर अभी अपने विकास के प्रारंभिक चरण में है। विश्वविद्यालय के सभी प्रशासनिक और शैक्षिक अनुभागों को समायोजित करने के लिये इसका व्यापक तौर पर नवीनीकरण कार्य चल रहा है। इस परिसर में फिलहाल संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय, मानव विकास अध्ययन शिक्षालय, स्नातक अध्ययन शिक्षालय, ललित अध्ययन शिक्षालय और सामुदायिक ज्ञान केंद्र के साथ–साथ विश्वविद्यालय के एम. फिल और पी. एच. डी. कार्यक्रम मौजूद हैं।

एयूडी का कामकाज

एयूडी अपने विभिन्न संस्थानों और केंद्रों के जरिये कार्य करता है। एयूडी द्वारा अब तक स्थापित संस्थानों में संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय, डिजाइन अध्ययन शिक्षालय, विकास अध्ययन शिक्षालय, मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय, शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय, मानव अध्ययन शिक्षालय, ललित अध्ययन शिक्षालय और स्नातक अध्ययन शिक्षालय मौजूद हैं। विधि एवम् शासन अध्ययन शिक्षालय शीघ्र स्थापित किये जाने की संभावना है। विद्यमान अध्ययन शिक्षालय स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित करते हैं। चयनित क्षेत्रों में एम. फिल और पी. एच. डी. कार्यक्रम भी चलाये जाते हैं। स्नातक अध्ययन शिक्षालय सामाजिक विज्ञान, मानविकी, गणितीय विज्ञान और ललित अध्ययन में स्नातक कार्यक्रम का अकादमिक केंद्र है। एयूडी अध्ययन और शोध हेतु कई केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है। एयूडी ने पहले से ही आरंभिक बाल शिक्षा और विकास केंद्र, सामुदायिक ज्ञान केंद्र और सामाजिक विज्ञान शोध प्रणाली केंद्र स्थापित किये हैं। भविष्य के लिये नियोजित अन्य केंद्रों में नेतृत्व और परिवर्तन केंद्र, समानता और सामाजिक केंद्र, अभियोजित आध्यात्म और शांति निर्माण, गणित का सामाजिक अनुप्रयोग केंद्र तथा प्रकाशन केंद्र हैं।

वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्नातकोत्तर कार्यक्रम इस प्रकार हैं :–

- एम. ए. विकास अध्ययन (विकास अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. अर्थशास्त्र (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. अंग्रेजी (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. पर्यावरण और विकास (पर्यावरण पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. इतिहास (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. समाज शास्त्र (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. मनोसामाजिक नैदानिक अध्ययन (मानविकी अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. जेंडर अध्ययन (मानविकी अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. सिनेमाई अध्ययन (संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. साहित्यिक कलाः सृजनात्मक लेखन (संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. दृश्यकला (संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. निष्पादन अध्ययन (संस्कृति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)

- एम. ए. शिक्षा शास्त्र / एम. एड. (शैक्षिक अध्ययन अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. व्यवसाय प्रशासन (व्यवसाय लोकनीति एवम् उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय)

विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2012–2013 से निम्न स्नातक कार्यक्रम प्रारंभ किये हैं

- बी. ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र में मेजर सहित
- बी. ए. (ऑनर्स) अँग्रेजी में मेजर सहित
- बी. ए. (ऑनर्स) इतिहास में मेजर सहित
- बी. ए. (ऑनर्स) मनोविज्ञान में मेजर सहित
- बी. ए. (ऑनर्स) समाजशास्त्र में मेजर सहित
- बी. ए. (ऑनर्स) सामाजिक विज्ञान और मानविकी
- बी. ए. (ऑनर्स) दो मेजर सहित

वर्ष 2011–2012 में एम. फिल. / पी. एच. डी. कार्यक्रमों हेतु 51 छात्रों का नामांकन किया गया था, जबकि वर्ष 2012–13 में यह संख्या बढ़कर 99 हो गयी।

विश्वविद्यालय का दृष्टिकोण

विश्वविद्यालय लिबरल आर्ट्स, मानविकी और सामाजिक विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हुए उच्च शिक्षा अध्ययनों, अनुसंधान और विस्तार संबंधी कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह सामाजिक स्थिरता के साथ–साथ सामाजिक असंतुलन को विश्लेषित करने के लिये प्रयासरत है। साथ ही यह कल्पना करता है कि किस तरह सामाजिक विकास वह परिस्थिति पैदा करे जिसमें हर वर्ग का मनुष्य अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्राप्त कर सके।

दर्शन

अम्बेडकर विश्वविद्यालय के दर्शन और विचारों का मूल सिद्धांत समानता, सामाजिक न्याय और उत्कृष्टता निर्माण के लिये प्रतिबद्धता है। एक सार्वजनिक संस्था होने के नाते एयूडी खुद को सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में देखता है और नागरिक समाज और राज्य के बीच जुड़ाव हेतु सामाजिक कार्यवाही पर ध्यान केंद्रित करता है।

लक्ष्य

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान और मानविकी में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा का प्रयास करता है। एयूडी का मुख्य लक्ष्य उच्च शिक्षा तक पहुँच एवम् सफलता के बीच सतत और प्रभावी संपर्क निर्धारित करना है। एयूडी मानवता, गैर–पद्सोपानीकरण, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता को परिपोषित करने के लिये प्रतिबद्ध है।

उद्देश्य

विश्वविद्यालय को लिबरल आर्ट्स, मानविकी और सामाजिक विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्कृष्ट व्यापक उच्च शिक्षा के विकास और उसे प्रदान करने का भार सौंपा गया है। यह दूरस्थ और सतत् दोनों ही प्रकार की शिक्षा प्रदान करने के लिये अधिदेशित है। उत्कृष्टता के मानदंडों का अनुसरण करने वाले देश के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह इससे विकसित अध्ययनों एवम् अनुसंधान को बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है, इसके लिये व्याख्यानों, विचारगोष्ठियों, परिसंवादों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करके ज्ञान और प्रक्रिया का प्रसार करने के साथ–साथ भारत और विदेश में मौजूद उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ सम्पर्क किये जाने की अपेक्षा है। विश्वविद्यालय से अनुसंधान मोनोग्राफ, शोध प्रबंधों, पुस्तकों, प्रतिवेदनों और पत्रिकाओं को प्रकाशित करने की भी अपेक्षा है। इन सब उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साथ–साथ इससे सांस्कृतिक और नैतिकता संबंधी मान्यताओं को बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है।

अकादमिक संरचना

एयूडी की संकाय संरचना पूर्णकालिक, नियमित, मुख्य संकाय, अंशकालिक, सहायक और अतिथि संकाय की अनुमति देती है। विस्तार संकाय में वरिष्ठ स्नातकोत्तर और अनुसंधानकर्ता छात्र भी शामिल हैं जो कि अध्यापन सहायक के रूप में कार्यरत हैं। अपने कार्मिकों के बीच संचालन की सहमति को जगाने हेतु ऐसी नई कामकाज की संस्कृति को विकसित किया जाएगा जो कि विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांतों और दर्शन को मजबूती दे और उसे सतत बनाये रखने के लिये विश्वविद्यालय यह प्रयत्न करेगा कि इसके सभी कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित, उचित एवम् समन्वित ढंग से संचालित किये जाएँ। संविधान द्वारा अधिदेशित आरक्षण प्रावधानों को ईमानदारी से पालन करते हुए विश्वविद्यालय इसके लिये भी प्रयत्न करेगा कि सभी के लिये समान अवसर सुनिश्चित होंगे और विशेष तौर पर भर्ती के समय सक्रिय रूप से जेंडर संवेदनशील नीति को कार्यान्वित किया जा सके।

शिक्षण का माध्यम

एयूडी में शिक्षण का माध्यम अँग्रेजी है तथापि यह योग्यता संबंधी मांग नहीं है कि छात्रों ने एयूडी के ऑनर्स कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अँग्रेजी माध्यम से ही पढ़ाई की हो। एयूडी में आवेदन करने के लिये विभिन्न पृष्ठभूमियों से आये छात्रों को बढ़ावा देने के लिये सर्वोत्तम चार विषयों में प्राप्त अंको की गणना में अँग्रेजी भाषा अनिवार्य नहीं है। अँग्रेजी में विशेष सहायता की अपेक्षा करने वाले छात्रों की पहचान के लिये प्रारम्भ में अँग्रेजी भाषा प्रवीणता परीक्षा आयोजित की जाती है। ऐसे छात्र जो अँग्रेजी भाषा में अनिवार्य क्रेडिट पाठ्यक्रम शुरु करने के लिये सहायता चाहते हैं, उनके लिये अँग्रेजी में एक विशेष संक्षिप्त पाठ्यक्रम और एक प्रारम्भिक वैकल्पिक पाठ्यक्रम चलाया जाता है। इन पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिये भाषा शिक्षण में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है।

शिक्षण पद्धतियाँ

व्याख्यानों में मुक्त सहचारी तकनीकों को विचार–विमर्शों, अंतः क्रियाओं और संवाद के माध्यम से अनुभव के साथ–साथ ज्ञान की खोज से जोड़ा गया है। कक्षा में प्रत्येक पाठ्यक्रम में सुझाई गई पठन सामग्रियों की शृंखला को व्यापक तौर पर शामिल एवम् विकसित किया जाता है। समेस्टरों एवम् अनुशासनों के सभी विषयों के बीच सेतु स्थापित करने के लिये एक सतत्शील सरोकार और प्रयत्न किया जा रहा है। कक्षाई अनुभव को अधिक सुगम बनाने हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे संगीत, फिल्म, कवितायें, कहानियाँ और अनुभव आधारित अभ्यास को शामिल कर उसका प्रयोग किया जाता हैं।

परामर्शदात्री समूह

परामर्शदात्री समूह ऐसा स्थान प्रदान करता है जहाँ छात्र अपनी चिंताओं और आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से कह सकते हैं। यह आनंद और तनाव मुक्ति का ऐसा स्थान है जहाँ छात्र शिक्षकों और सहपाठियों के साथ सामीप्य और मित्रता स्थापित करता है। परामर्शदात्री समूह पीयर अधिगम के साथ–साथ घनिष्ठ, व्यस्त और कार्यशील सामीप्य के आदान–प्रदान का एक प्रभावी स्थान है। इन छोटे समूह व्यवस्था में इन्हें ज्ञान का सह–संरचित स्वरूप और स्वयं की आत्मनिष्ठ समझ दोनों का परिचय मिलता है।

प्रशासन

किसी भी अध्ययन शिक्षालय का प्रशासन उसके रोज़मर्रा का कामकाज देखता है और यह उस अध्ययन शिक्षालय की रीढ़ होता है। एयूडी क प्रशासन इकहरे और स्पष्ट तरीके का अनुसरण करता है। विश्वविद्यालय की स्टाफ संरचना और स्टाफिंग पैमाना पदसोपानीकृत व्यवस्था और सिर्फ हाजिरी देने के स्तर पर कार्य करने की बजाय प्रदर्शन और परिणाम से उपजे अनुभवों के प्रति उत्तरदायी है। विश्वविद्यालय द्वारा लगाये गये अधिकतर कार्मिकों से विविध कार्यों में प्रशिक्षित होने तथा समग्र रूप से सक्षम होने की अपेक्षा है। विश्वविद्यालय अधिकतर वरिष्ठ नियुक्तियों को निर्धारित कार्यकाल पर करने का प्रयत्न करेगा। सभी स्तरों पर संविदा अथवा प्रतिनियुक्ति पर दो तिहाई तथा नियमित नियुक्तियों के रूप में कम से कम एक–तिहाई के अनुपात का सुझाव दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय की प्रशासनिक संरचना और पदों से संबंधित नीतियों को हर 3 वर्ष पर समीक्षा किये जाने का प्रावधान है। तथापि प्रारंभिक चरण में संगठन के गतिशील और प्रवाही स्वरूप पर विचार करते हुए प्रशासनिक संरचनाओं और स्थितियों की प्रत्येक 2 वर्ष के बाद समीक्षा की जायेगी।

वित्त

वित्त नियंत्रक की अध्यक्षता में एयूडी का वित्त विभाग विश्वविद्यालय की निधियों का सामान्य पर्यवेक्षण करने तथा इसकी वित्तीय नीतियों के संबन्ध में परामर्श देने के लिये उत्तरदायी है। यह विश्वविद्यालय की संपत्तियों और निवेशों का भी प्रबंधन करता है। यह विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा बजट को तैयार करने और वित्त समिति द्वारा विचार करने के बाद प्रबंधन बोर्ड को प्रस्तुत करने के लिये भी उत्तरदायी है।

विद्यार्थी सेवा

विद्यार्थी सेवा, डीन कार्यालय का गठन विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत प्रावधान 7–A के द्वारा किया गया जो कि ऐसी गतिविधि मुहैया कराती है जिसका सीधा सम्बंध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जीवन से है। इसमें विद्यार्थियों के कल्याण हेतु प्रवेश, छात्रवृत्ति, फीस भुगतान, परामर्श और अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। डीन, विद्यार्थी सेवा इन अधिकारियों के सहयोग द्वारा संचालित है :–

1. डिप्टी रजिस्ट्रार, विद्यार्थी सेवा (रिक्त)
2. सहायक रजिस्ट्रार, विद्यार्थी सेवा

3. कनिष्ठ कार्यपालक
4. कार्यालय सहायक

डीन कार्यालय, विद्यार्थी सेवा मुख्य रूप से निम्न कार्यों को विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों के समन्वय द्वारा उपलब्ध करवाता है:

- विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों के नामंकन हेतु प्रवेश प्रक्रिया और कार्यप्रणाली
- प्रवेश इच्छुक छात्रों को सलाह एवम परामर्श देने का प्रावधान
- विद्यार्थी सूचना प्रणाली की देखरेख और संगठन
- छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया
- छात्रों को छात्रवृत्ति, शिक्षावृत्ति और अन्य आर्थिक मदद मुहैया कराना.
- परिसर नौकरियाँ जैसे ट्यूशन और अंशकालिक कार्य उपलब्ध करवाना
- छात्रों को परामर्श, सलाह, जीविका सम्बंधी अवसर एवम् परामर्श देना
- छात्र सम्बंधी संगृहीत अभिलेखों की देखरेख एवम् संगठन
- मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद मूल्यांकन को फिर से मूल्यांकित करना
- छात्रों के पहचान पत्र का प्रावधान
- विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का आयोजन
- छात्रों द्वारा पेश किये गये जाति प्रमाण पत्रों की जाँच करना
- छात्रों के लिये चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान

- चरित्र प्रमाण पत्र / प्रोविजनल / स्थानांतरण प्रमाण सम्बंधी मुद्दे
- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / शारिरिक अक्षम छात्रों के कल्याण के लिये योजना प्रस्ताव लाना
- छात्र नामांकन / उत्तीर्ण छात्र / ड्रॉपआऊट की वार्षिक सांख्यिकी रपट तैयार करना
- उन कार्यों और अभ्यासों तथा शक्तियों का पालन करना जो कि अधिनियम, संविधि और अध्यादेश द्वारा जारी किये गये।

योजना प्रभाग

एयूडी का योजना प्रभाग विश्वविद्यालय के नियोजन और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। योजना प्रभाग फिलहाल कश्मीरी गेट परिसर के विकास का सर्वेक्षण कर रहा है। एयूडी के भावी भवनों के निर्माण की योजना तथा रोहिणी और धीरपुर में आवंटित की जाने वाली भूमि पर परिसर के विकास की भी जिम्मेदारी इसकी होगी। इसके अन्य उत्तरदायित्व हैं :–

- विश्वविद्यालय की संसाधन संबन्धी आवश्यकताओं की योजना बनाना
- वर्तमान में मौजूदा अधिसंरचना को ध्यान में रखते हुए भावी विकास के लिये रोडमैप तैयार करना
- विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का पर्यवेक्षण

विश्वविद्यालय निकाय

विश्वविद्यालय के अपने नियामक निकाय है जो कि इसके कार्य संचालन के लिये जिम्मेदार हैं। इन निकायों में विश्वविद्यालय न्यायालय, अकादमिक परिषद, प्रंबधन बोर्ड, वित्तीय समिति और स्थापना समिति शामिल हैं।

न्यायालय

विश्वविद्यालय न्यायालय विश्वविद्यालय का सर्वोच्च प्राधिकरण होता है। यह प्रत्येक वर्ष एक निर्धारित तिथि पर रसीदों और व्यय विवरणों, लेखापरीक्षित तुलना पत्रों और वित्तीय अनुमान के विवरण के साथ पिछले वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के कामकाज की रपट पर विचार करने के लिये एक बैठक करता है। इसे विश्वविद्यालय की समग्र नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने का अधिकार प्राप्त है और विश्वविद्यालय के सुधार और विकास के लिये उपाय सुझाने का अधिकार है।

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार न्यायालय के सदस्य हैं :–

श्री तेजेंदर खन्ना (विश्वविद्यालय के कुलाधिपति)
प्रो. श्याम बी. मेनन (विश्वविद्यालय के कुलपति)
प्रो. एस. आर. हाशिम (सरकार द्वारा नामित)
डॉ० किरण कार्णिक (सरकार द्वारा नामित)
प्रो. दीपक नैय्यर (सरकार द्वारा नामित)
प्रो. के. सच्चिदानंद (सरकार द्वारा नामित)
न्यायमूर्ति लीला सेठ (सरकार द्वारा नामित)
प्रमुख सचिव – वित्त (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)
प्रमुख सचिव – उच्च शिक्षा एवम् टीटीई (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)
सचिव – कला, संस्कृति और भाषा (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)
प्रो. नज़ीब जंग (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नामित)
डॉ० बी. पी. जोशी (रजिस्ट्रारः गुरु गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)
रजिस्ट्रार – सचिव

प्रबंधन बोर्ड

प्रबंधन बोर्ड विश्वविद्यालय का कार्यकारी प्राधिकरण है और यह विश्वविद्यालय के सामान्य प्रबंधन और प्रशासन का प्रभारी है।

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार प्रबंधन बोर्ड के सदस्य हैं :–

प्रो. श्याम बी. मेनन (विश्वविद्यालय के कुलपति)
प्रो. अमृत्य देसाई (सरकार द्वारा नामित)
डॉ० किरण दातार (सरकार द्वारा नामित)
प्रमुख सचिव – वित्त (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)
प्रमुख सचिव – उच्च शिक्षा एवम् टीटीई (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)
प्रो. कुरियाकोरस ममकुट्टम (कुलपति द्वारा नामित)
प्रो. अशोक नागपाल (कुलाधिपति द्वारा नामित)
प्रो. चंदन मुखर्जी (कुलाधिपति द्वारा नामित)
रजिस्ट्रार – सचिव

अकादमिक परिषद

अकादमिक परिषद विश्वविद्यालय का प्रधान अकादमिक निकाय होता है। अकादमिक परिषद नियंत्रक और नियामक की भूमिका में होता है और यह विश्वविद्यालय में अनुदेशों, शिक्षा और परीक्षण के मापदंडों की देखरेख के लिये जिम्मेदार है। 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार अकादमिक परिषद के सदस्य हैं :–

प्रो. श्याम बी. मेनन (विश्वविद्यालय के कुलपति)
प्रो. ए. के. शर्मा (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नामित)
प्रो. अशोक चटर्जी (सरकार द्वारा नामित)
प्रो. के. रामचंद्रन (सरकार द्वारा नामित)
डॉ० राजा मोहन (सरकार द्वारा नामित)
डॉ० अनुराधा कपूर (सरकार द्वारा नामित)
डॉ० मैथ्यू वर्गीस (सरकार द्वारा नामित)
प्रो. वनिता कौल (कुलपति द्वारा नामित)

प्रो. हनी ओबरॉय वहाली (कुलपति द्वारा नामित)
प्रो. सलिल मिश्र (कुलपति द्वारा नामित)
प्रो. गीता वेंकटरमण (कुलपति द्वारा नामित)
डीन – ललित अध्ययन शिक्षालय
डीन – मानविकी अध्ययन शिक्षालय
डीन – स्नातक अध्ययन शिक्षालय
डीन – सांस्कृतिक एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय
डीन – शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय
डीन – मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय
डीन – व्यवसाय, लोकनीति एवम् सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय
डीन – विकास अध्ययन शिक्षालय
डॉ० सुमंगला दामोदरन (कुलपति द्वारा नामित)
डॉ० प्रवीण सिंह (कुलपति द्वारा नामित)
रजिस्ट्रार – सचिव

Ambedkar University, Delhi
1st Annual Convocation, 2nd November 2012

विश्वविद्यालय का विकास

2008–2009 के शैक्षिक सत्र में अपना पहला कार्यक्रम विकास अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा 13 छात्रों के साथ प्रारंभ किया गया. 2009–10 के सत्र में विश्वविद्यालय ने तीन स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरु किये जिसमें 100 छात्रों को प्रवेश दिया गया। वर्ष 2010–11 में बढ़कर यह संख्या 118 हो गयी। इसके तीन कार्यक्रम निम्न हैं :

- एम. ए. विकास अध्ययन (विकास अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. पर्यावरण और विकास (मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. मनोवैज्ञानिक नैदानिक अध्ययन (मानव अध्ययन शिक्षालय)

शैक्षिक सत्र 2010–11 से विश्वविद्यालय ने अपना पहला स्नातक कार्यक्रम शुरु किया जिसमें 68 छात्रों को नामांकित किया गया। वर्ष 2011–12 में चार और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरु किये गये। इस प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर 289 छात्रों का नामांकन हो चुका है। वर्ष 2011–12 में शुरु किये गये चार कार्यक्रम निम्न हैं :

- एम. ए. अर्थशास्त्र (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. इतिहास (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. अँग्रेजी (ललित अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. समाजशास्त्र (ललित अध्ययन शिक्षालय)

अकादमिक वर्ष 2011–12 में स्नातक अध्ययन शिक्षालय ने मौजूदा पांच कार्यक्रमों में दो अन्य कार्यक्रम बी. ए. (ऑनर्स), गणित और बी. ए. (ऑनर्स) समाजशास्त्र को मुख्य विषय के रूप में शुरु किया गया। इस प्रकार वर्ष 2011–12 में स्नातक कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों की संख्या 188 थी।

वर्ष 2012–13 में पांच नये स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरु किये जिसके तहत स्नातकोत्तर स्तर पर 480 छात्रों का नामांकन हुआ।

- एम. बी. ए. (व्यवसाय, लोकनीति एवम् सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. सिनेमाई कला (सांस्कृतिक एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)

- एम. ए. निष्पादन आर्ट्स (सांस्कृतिक एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. साहित्यिक कला (सांस्कृतिक एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)
- एम. ए. दृश्यकला (सांस्कृतिक एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय)

वर्ष 2012–13 में एक पी. एच. डी. कार्यक्रम शुरु किया गया :

- मनोविज्ञान में पी. एच. डी.

वर्ष 2012–13 में दो एम. फिल. अनुसंधान कार्यक्रम शुरु किये गये :

- एम. फिल. महिला एवम् जेंडर अध्ययन
- एम. फिल. विकास आचरण

एयूडी में छात्रों की वृद्धि



अकादमिक सत्र 2012–13 में 7 स्नातक कार्यक्रम चल रहे थे जिसमें 320 छात्रों का नामांकन हुआ। वर्ष 2008–09 में नामांकित छात्रों की कुल संख्या 13 थी जो कि 2012–13 में बढ़कर 899 तक हो गयी। जिसमें 80 छात्र पी. एच. डी. और 69 छात्र एम. फिल. के भी शामिल हैं।

संकाय

एयूडी में भर्ती नियोजन एक बारगी का कार्य न होकर एक सतत प्रक्रिया है । एयूडी के उच्चस्तरीय अर्हता प्राप्त अध्यापन संकाय को भारत एंव विदेश के सर्वोच्च अकादमिक संस्थानो से लाया गया है। इन्होंने अपने अध्यापन एवम् अनुसंधान उत्कृष्टता के रिकार्डो को साबित किया है और साथ ही विश्वविद्यालय में बहुआयामी अनुशासन की सर्वोच्च संयोजन एंव उर्जा लेकर आए हैं। एक अद्वितीय संस्थानिक व्यवस्था मे संकाय सदस्य विभिन्न संस्थानो मे समवर्ती रुप से पढ़ाते हैं जिससे प्रत्येक अध्ययन कार्यक्रम मे बेहतर गहरी समझ उपलब्ध हो पाती है। अध्यापन और अनुसंधान के क्षेत्र मे हमारा संकाय विश्वविधालय की जरुरतों को पूरा करने मे लगातार विकास कर रहा है । वर्तमान मे एयूडी मे 11 प्रोफेसर, 19 सहायक प्रोफेसर, 62 सहयोगी प्रोफेसर, 21 अतिथि संकाय, 12 अकादमिक फेलो और 8 अनुसंधान सहयोगी हैं।

एयूडी में संकाय सदस्यों में वृद्धि



विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाएँ

एयूडी अपनी अध्ययनशालाओं और केंद्रों के जरिये कार्य करता है। एयूडी की संस्थापित अध्ययनशालाएँ इस प्रकार हैं :–

- व्यवसाय, लोकनीति एवम् सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय (एसबीपीपीएसई)
- संस्कृति एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय (एससीसीई)
- डिजाइन अध्ययन शिक्षालय (एसओडी)
- शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय (एसईएस)
- मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय (एसएचई)
- मानविकी अध्ययन शिक्षालय (एसएचएस)
- ललित अध्ययन शिक्षालय (एसएलएस)
- स्नातक अध्ययन शिक्षालय (एसयूएस)

अध्ययन के पाठ्यक्रमों में वृद्धि



व्यवसाय, लोकनीति एवम् सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय (एसबीपीपीएसई):

व्यवसाय, लोकनीति एवम् सामाजिक उद्यमिता अध्ययन शिक्षालय की स्थापना प्रबंधन, लोकनीति और सामाजिक उद्यमिता में अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा व्यावसायिक शिक्षा एवम् प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु किया गया। एसबीपीपीएसई समाज और अर्थव्यवस्था के व्यापक संदर्भ में व्यापार एवम् लाभ को समग्रता के साथ विकसित करने की एक कोशिश है। जुलाई 2012 से अब तक इस संस्थान ने दो वर्षीय (पूर्णकालिक) व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एमबीए) शुरु किया और आने वाले 3 से 5 वर्षों के भीतर लोक प्रशासन में और सामाजिक उद्यमिता में स्नातकोत्तर शुरु किये जाने की योजना है।

अकादमिक कार्यक्रम

दो वर्षीय (पूर्णकालिक) एमबीए :

पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम का उद्देश्य भावी प्रबंधकों को व्यावसायिक शिक्षा देना तथा पहले से प्रैक्टिस में लगे हुए कार्मिकों के ज्ञान और दक्षता का उन्नयन करना है और खासकर सामाजिक क्षेत्र में नये उद्यमों को शुरु करने के लिये सहभागियों में अभिप्रेरण एवम् कौशलों का विकास करना है। यह कार्यक्रम सामाजिक–आर्थिक मुद्दों पर संवेदना जगाने के साथ–साथ उद्यम सृजन (रोजगार उत्पादन) की महत्ता पर जागरूकता उत्पन्न करने तथा भावी/मौजूदा प्रबंधकों को कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के मुद्दों का ज्ञान व व्यावसायिक कौशल प्रदान करते हुए अर्थ उत्पादन के साथ–साथ अर्थ प्रबंधन पर भी समान रूप से ध्यान केंद्रित करेगा।

दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम की पाठ्यचर्या प्रबंधन में शिक्षा अद्यतन विकासों को शामिल करते हुए नवीन पाठ्यक्रम संरचना पर आधारित है। पाठ्यचर्या पर मुख्य जोर देते हुए वृहत समाज और अर्थव्यवस्था के समग्र परिप्रेक्ष्य के अंतर्गत व्यवसाय और लाभ के लिये इसका दृष्टिकोण इस कार्यक्रम की विशिष्टता है। इस पाठ्यचर्या को इस प्रकार तैयार किया गया है कि छात्र अपने आस–पास के वातावरण के बारे में किस प्रकार सोचते, समझते एवम् महसूस करते हैं उसमें आमूल परिवर्तन लायें।

कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में पाठ्यचर्या में समाज, अर्थव्यवस्था, व्यवसाय के वैश्विक संदर्भ, नैतिकता और मूल्य, वैयक्तिक विकास और नेतृत्व, व्यवसाय प्रबंधन के मूल तत्व, लोकनीति

और सामाजिक उद्यमिता आदि विषयों को समेटा जायेगा। ग्रीष्मकालीन अवकाशकाल के दौरान छात्रों को 8–10 हफ्तों के एक प्रशिक्षण से गुजरना होगा। द्वितीय वर्ष के दौरान छात्रों को कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी, अंतरवैयक्तिक एवम् समूह प्रक्रियाएँ, अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय वातावरण और व्यवसाय नीति एवम् रणनीतिक विश्लेषण से अलग एक इलैक्टिव चुनना होगा। अध्ययन के दौरान एमबीए के सभी छात्रों को एक अतिरिक्त विदेशी भाषा सीखनी होगी।

कार्यक्रम की विषयवस्तु और इसकी पेडागोजी इस बात को सुनिश्चित करेगी कि ज्ञान और कौशलों की कला प्रदान करते समय मूल्यों और नैतिकता पर पर्याप्त जोर दिया जायेगा। सैद्धांतिक संकल्पनाओं और व्यावहारिक कौशलों को सीखने का वातावरण निर्मित करते हुए यह कार्यक्रम सॉफ्ट स्किल्स की महत्ता के विषय में जागरूकता निर्मित करेगा।

प्रकाशन में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा

अध्ययन शिक्षालय ने जुलाई 2013 में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। इस कार्यक्रम को "प्रकाशन के विभिन्न आयामों में संक्षिप्त एवम् दीर्घकालिक कार्यक्रम" के तहत क्रियान्वित करने के लिये एयूडी और एनबीटी द्वारा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है। प्रकाशन उद्योग में लगातार होते हुए परिवर्तन को देखते हुए यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण है कि 21वीं सदी के उभरते प्रकाशकों के साथ–साथ यह 21वीं सदी के मौजूदा प्रकाशक व्यवसायी को भी "पुनः प्रशिक्षित" कर सकेगा। प्रकाशन मे "व्यवसाय" तत्व की महत्ता बढ़ने के साथ यह भी ध्यान योग्य बात है कि यह निरंतर परिवर्तित उद्योग उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा है जैसा कि पहले कभी नही था । इसके अंत मे एयूडी ऐसे प्रोफेशनल्स की जमात रचने का लक्ष्य रखेगा जो कि उतने ही कुशल होंगे जितने कि उद्यमकर्ता होते हैं। ऐसी आशा की जा रही है कि यह कार्यक्रम प्रकाशन मे जीविका क्षमता और नए व्यवसाय अवसर के रुप मे अतिरिक्त मूल्य जनित करेगा ।

प्रकाशन मे एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा का उदेश्य है कि यह ऐसे बेहतर दक्ष व्यवसायिकों का सृजन करे जो कि प्रकाशन मे अपना पेशा बनाना चाहते हैं। यह कार्यक्रम इतना संरचित है जिससे प्रकाशन का हर व्यवसायी चाहे वह प्रबंधन, प्रकाशन, बिक्री, पदोन्नित, सम्पादकीय, डिजाइन, उत्पादन, वितरण, तकनीकी सहायक हो या किसी अन्य भूमिका मे हो, इस तरह से यह समझ उत्पन्न करेगा कि हर व्यवसायी यह जान पाए कि वह सभी हिस्सो को कैसे एक साथ जोड़ पाएगा। यह कार्यक्रम एसे छात्र चाहता है जिन्हें वो ऐसे

व्यवसायों में प्रशिक्षित करे जो कि पुस्तक प्रकाशन मे इसलिए कार्य करना चाहते हैं क्योंकि वह समाज मे किसी खास पुस्तक के प्रकाशन के महत्व को समझते हैं तथा यह समझते हैं कि उनका कार्य अन्य लोगो की जिंदगी पर एक यथार्थ प्रभाव डाल सकता है और जो यह पहचान लेते हैं कि उनका हर नई पुस्तक पर किया गया कार्य उन्हें साहित्यिक रुप से अधिक समय तक जीवित रख सकता है।

प्रंबधन विकास कार्यक्रम

एसबीपीपीएसई द्वारा राष्ट्रीय पुस्तक न्याय के वरिष्ठ अधिकारियो के लिए "नेतृत्व कौशल" पर एक दो दिवसीय प्रंबधन विकास कार्यक्रम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 9–10 मार्च 2012 को आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम को प्रो. श्याम बी. मेनन (कुलपति, अम्बेडकर विश्वविद्यालय) और श्री एम. ए. सिकंदर (निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास) द्वारा उद्घाटित किया गया और आरंभिक टिप्पणी दी गई।

अनुसंधान

एसबीपीपीएसई ने सामुदायिक केंद्र के परामर्श के द्वारा एक अध्ययन "एंटरप्रेन्यूरियल वेंचर्स : इंटरफेस विद लोकल कम्युनिटीजः ए केस स्टडी ऑफ मध्य प्रदेश" को पूरा किया है। यह अध्ययन उस समझ को विकसित करने की कोशिश है जो प्रवासी समुदाय के मनो– सामाजिक चित्रण की समझ और उन सामाजिक– आर्थिक एवम् पर्यावरणीय कारकों को उजागर करेगा जो कि उद्यमिता के जोखिम को सफल बनाते हैं।

सहयोग

संकाय और छात्रों के विनिमय को समर्थ बनाने हेतु एक सहमति पत्र एयूडी और सेनफ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच तथा अन्य सहमति पत्र नार्थम्पटन यूनिवर्सिटी, यूके के बीच हस्ताक्षरित किया गया। यह संस्थान अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ भी चर्चा कर रहा है ।

संस्कृति एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय (एससीसीई):

शैक्षिक वर्ष 2012–13 में संस्कृति एवम् सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन शिक्षालय (एससीसीई) ने (1) फिल्म स्टडीज (2) निष्पादन स्टडीज (3) विजुअल आर्ट्स (4) लिटरेरी

आर्ट, क्रियेटिव राइटिंग जैसी चार विशेषज्ञताओं के साथ स्नातकोत्तर कार्य्रक्रम शुरु किया है। ये कार्यक्रम शोधोन्मुखी एवम् प्रयोगात्मक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित करता है जो ऐतिहासिक और सैद्धांतिक ज्ञान से इतर समालोचनात्मक पठन एवम् अभ्यास के लिये आवश्यक है। साथ ही यह कार्यक्रम सृजनात्मकता से संबंधित क्षेत्रों में भी ज्ञान और कौशलों को प्रदान करता है।

साहित्यिक कला :

यद्यपि साहित्य का अध्ययन जिसमें भारतीय क्षेत्रीय साहित्य के विषय भी शामिल हैं, भारत में कई विश्वविद्यालयों में उचित रूप में विकसित हुआ है। फिर भी वर्तमान में किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा एकीकृत पेडागोजिक कार्यक्रम उपलब्ध नहीं है जो उभरते हुए छात्रों को सृजनात्मक लेखन के साथ–साथ अनुवाद और संपादन में भी प्रशिक्षित कर सके। हालांकि कुछ पहलुओं को साथ लेकर आंशिक स्तर पर कहीं कुछ प्रयोग हुए हैं, पर वे सफल नहीं हो पाये। एक ऐसे ही अन्वेषण की कोशिश स्कूल ऑफ लेटर्स, एम.जी. यूनिवर्सिटी, कोटय्यम केरल में की गयी थी। उसके स्नातकोत्तर कार्यक्रम को सही अर्थों में द्विभाषाई पाठ्यक्रम अँग्रेजी एवम् मलयालम के रूप में कल्पित किया गया था और यदि सृजनात्मक लेखक उपलब्ध न करवा पाया जाता तब भी इसे द्विभाषाई स्कॉलर्स एवम् क्रिटिक्स और तुलना सापेक्षता को निर्मित करने के लिये कल्पित किया जाता। फिर भी अनुवाद और सृजनात्मक लेखन आपस में गहरे तौर पर जुड़े हैं जैसे अनुवाद अनुसृजन भी है और ये इन दोनों को आपस में जोड़ने का आधार है। इससे भी आगे सृजनात्मक लेखन या अनुवाद जैसे क्षेत्र सामान्य रूप से भाषा और साहित्य विभाग में ही सम्मिलित होते हैं या फिर कलात्मक और सृजनात्मक रूप से अपने को अभिव्यक्त और विकसित नहीं कर पाते या फिर अन्य कलात्मक अभिव्यक्तियों के साथ अंतर्क्रिया में नहीं होते।

उपरोक्त संदर्भ को देखें तो साहित्यिक कला में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को इस प्रकार रचा गया है जो कि छात्रों को न सिर्फ कला के किसी भी एक क्षेत्र में प्रशिक्षित करे बल्कि यह एक ऐसा पाठ्यक्रम हो जो साहित्यिक एवम् इसके विभिन्न सामाजिक–राजनीतिक पहलुओं की गहरी समझ विकसित करने में मदद करे।

निष्पादन स्टडीज :

भारत में निष्पादन शिक्षा और पेडागोजी के अंतर्गत सृजनात्मक अभिव्यक्ति एक गंभीर कमी के रूप में मौजूद है। पहला, निष्पादन आर्ट्स के क्षेत्र में यहाँ एक भी विश्वविद्यालय स्तर का संस्थान मौजूद नहीं है जो निष्पादन के सभी पहलुओं जैसे संगीत, नृत्य, रंगमंच, कठपुतली आदि क्षेत्रों में काम करता हो। उदाहरण के लिये संगीत या नृत्य विभाग जो कि हमारे संदर्भ में परंपरागत शैली में पढ़ाते हैं वे अलगाव झेल रहे हैं और निष्पादन के अन्य पहलुओं से जुड़े अन्य विभागों के साथ अंतर्सम्बंधित नहीं है। ऐसे संस्थान जो कि किसी विशिष्ट क्षेत्र में पारंगत हैं जैसे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वो मुख्य रूप से रंगमंच के लिये कार्य करता है और ये निष्पादन के अन्य क्षेत्र जैसे संगीत और नृत्य पर कम ध्यान केंद्रित करता है तथा उनके द्वारा निष्पादन के विषयक्षेत्र को सिर्फ ड्रामा तक सीमित कर दिया जाता है। दूसरा, निष्पादन के विशिष्ट क्षेत्र में अभ्यास सामग्री या संग्रह (उपलब्ध विरासत, उभरते अभ्यास और इसके बहु प्रकार) के बीच एक गंभीर रिक्ति है और यह विश्लेषण की पद्धति, मूल्यांकन और तुलना में अपने मूल रूप से अभ्यास से आगे नहीं बढ़ी है। दूसरे शब्दों में परंपरागत व्याकरण होता गया और जो मौजूद है वह विशिष्ट संदर्भों में पहुंच से बाहर है। उपरोक्त स्थिति के मद्देनजर एक ऐसे स्थान के विकास की जरूरत है जहाँ निष्पादन व्याकरण विश्लेषण की पद्धति को प्रस्तुत किया जा सके साथ ही अकादमिकों, परफोर्मर्स और छात्रों को एक साथ जोड़ते हुए एक पेडागोजी को विकसित किया जा सके। तीसरा, समकालीन समय में निष्पादन अभ्यास को रूपविधान, क्षेत्र, देश और रूढ़ीगत रिवाजों की सीमाओं से परे अपने को प्रतिबिंबित करती है। साथ ही अपनी देशज परंपराओं की जड़ों से भी गहरे तौर पर जुड़ी रहती है जो कि नियमित तौर पर समालोचनात्मक अकादमिक चर्चाओं में चर्चा का विषय बामुश्किल ही बन पाता है। इन्हीं उपरोक्त संदर्भों में संस्थान के अंतर्गत नई निष्पादन आर्ट्स के पेडागोजी की प्रासंगिकता है।

फिल्म स्टडीजः

फिल्म स्टडीज कार्यक्रम भारतीय संदर्भों में फिल्म सिद्धांत, सिनेमा का विकास, सिनेमा का इतिहास और वंशावली तथा क्षेत्रीय सिनेमा पर विशेष रूप से जोर देगा। एक तरफ यह कार्यक्रम क्षेत्रीय मूल्यों और भाषा संस्कृति की विजातीयता के साथ जुड़ेगा तो दूसरी तरफ अधिक बोधगम्य और गैर प्रभुताकारी भारतीय और विश्व सिनेमा के इतिहास को सम्मिलित कर सकेगा। यह रोजमर्रा की जिंदगी पर सिनेमा के प्रभाव और इसके राजनैतिक प्रभावों की छानबीन करने की अनुमति देगा। इसका मुख्य जोर सीमांतकारी क्षेत्रों जैसे लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशियाई सिनेमा की उभरती हुई परंपराओं के अंतर्गत होगा। छात्रों

को बदलते सिनेमाई कला अभ्यास में निपुण करने के लिये वैश्विक संपर्क सिनेमाई अभ्यास और सैद्धांतीकरण दोनों में ही नये विकास को प्रस्तुत किया जा रहा है।

एयूडी की अतिथि संकाय योजना का हिस्सा होने के नाते यह अध्ययन शिक्षालय सप्ताह में दो बार एक्स्ट्रा करिक्युलर कार्यक्रमों को आयोजित करता है जिसमें फिल्म निर्माता, कलाकार, स्कॉलर्स और सिद्धांतकार शामिल होते हैं, जो कि अपना कार्य प्रस्तुत करते हैं और संकाय के साथ चर्चा करते हैं। इसमें प्रो. मोनेक बिस्वास, शीबा छाछी, अमुधन आर. पी., प्रो. अनुराधा कपूर, सुमेध राजेंद्रन, राहुल रॉय, रिंतू थॉमस, सुश्मित घोष, इश्मुद्दीन खान और अन्य कई लोग शामिल हैं। वर्तमान अकादमिक वर्ष में इस अध्ययन शिक्षालय ने दो फिल्म समारोह "ग्लोबल शॉर्ट फिल्म्स" एवम् "लैटिन अमेरिकन सिनेमा" को आयोजित किया है। अध्ययन शिक्षालय ने एसएलएस के साथ मिलकर सहादत हसन मंटो की जन्मशती के स्मरण उत्सव पर एक समारोह पैनल चर्चा, निष्पादन, रीडिंग्स, फिल्म स्क्रीनिंग, पोस्टर बनाना, कला कार्यशिविर आदि को एक साथ आयोजित किया। अध्ययन शिक्षालय ने लैटिन अमेरिकन संस्कृति का उत्सव मनाने हेतु "अटलांटिक क्रॉसिंग : रूट्स ऑफ लैटिन अमेरिकन कल्चर" के नाम से एक सप्ताह लम्बा समारोह पैनल चर्चा, फिल्म स्क्रीनिंग और कला कार्यशिविर आयोजित किया।

एक अभिनव अकादमिक अभ्यास होने के नाते अध्ययन शिक्षालय समेस्टर के अंत में एक खुली मौखिक परीक्षा संचालित करता है और छात्रों की कलात्मक प्रदर्शनी भी आयोजित करता है। अध्ययन शिक्षालय ने इतिहासकार श्री सोहेल हाश्मी के साथ कश्मीरी गेट, दिल्ली से एक इतिहास ट्रिप का आयोजिन किया और किरण नादर कला संग्रहालय, साकेत दिल्ली के लिये शिक्षा भ्रमण का भी आयोजन किया।

अध्ययन शिक्षालय ने इंडिया फाउंदेशन फॉर दी आर्ट्स के सहयोग के साथ अक्तूबर में एक हफ्ते चलने वाले कार्यशिविर का आयोजन किया था जिसकी थीम "क्यूरेटिंग इंडियन विजुअल कल्चर': थ्योरी एंड प्रैक्टिस" थी और इसका मुख्य केंद्र बिंदु" आर्टिस्टिक प्रोडक्शन एंड क्वेस्चन ऑफ रीजन एंड आईडेन्टिटीः क्यूरेटीयल प्रोपोजिशंस" था। इसमें देश भर से आये 14 छात्रों, मुख्य संग्रहाध्यक्ष और रिसोर्स पर्सन के रूप में कला इतिहास / आलोचक भी थे जिसमें डॉ. चैतन्य सम्बरानी, गीता कपूर, डॉ. दीप्था अचर, प्रो. सूजी थारू, डॉ. मंजीत बरुआ, विद्या शिवदास आदि शामिल थे।

डिजाइन अध्ययन शिक्षालय (एसओडी):

एयूडी का डिजाइन अध्ययन शिक्षालय अपनी संकल्पना में अद्वितीय है। यह भारत में पहली बार है जब डिजाइन शिक्षा को सांस्थानिक रूप में स्थापित किया गया और उसे मानविकी तथा समाज विज्ञानों के साथ जोड़ा गया है। अध्ययन शिक्षालय ने मानविकी और समाज विज्ञान विश्वविद्यालयों के अंतर्गत इसकी अलग अवस्थिति को सामाजिक जटिल मुद्दे, जरूरत और क्षेत्रों के डिजाइन के सहज गुणों के साथ सम्मिलित किया है। वस्तु केंद्रित डिजाइन को "सामाजिकता" की ओर पुनः निर्धारित करने की ओर ध्यान दिया गया है। एसओडी ने नये उत्पादों, सेवाओं, प्रणालियों, संबंध और दृश्यविधान के जरिये बेहतरीन, अवगतपूर्ण, संवेदनशील, सशक्त और संतुलित समुदायों को सृजित करने को प्रस्तावित किया है। यह व्यवस्था डिजाइन अध्ययन और अभ्यास को लगातार परिवर्तनशील बहुआयामी चुनैतियों और गहन रूप से स्थानीय एवम् वैश्विक दृश्यपटल पर अंतःसम्बद्ध होते हुए पुनः स्पष्ट रूप से देखने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही साथ ड़िजाइन अध्ययन शिक्षालय डिजाइन के जरिये एयूडी की अनिवार्यताओं को सामाजिक कार्यवाही के तहत समताकारी और सतत् समाज बनाना चाहता है।

हम इसे एक अवसर के रूप में देखते हैं जो कि मौजूदा डिजाइन अध्यापन और अभ्यास विशिष्टीकरण के अंतर्गत प्रश्न उभारे, विश्वभर के प्रचलित पाठ्यक्रम संरचना को परखे और भारतीय संदर्भ में डिजाइन की वृहत भूमिका और संभावना को अवलोकित करे। अध्ययन शिक्षालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए ऐसे छात्रों को तैयार करेगा जो नई सेवाओं, व्यवस्थाओं, उत्पादों, अंर्तसम्बंधित और उद्यमिताओ की चुनौतियों के मद्देनजर उन्हें जोड़ सके।

एसओडी को अभ्यास और शोध आधारित ऐसे अध्ययन शिक्षालय के रूप में कल्पित किया गया है जो कि स्नातक स्तर से एम. फिल./पी. एच. डी. तक शिक्षा जारी रखने की अनुमति देता है। इसके अंतर्गत सामाजिक डिजाइन, सेवा डिजाइन, डिजाइन समालोचना, डिजाइन सिद्धांत, डिजाइन इतिहास और अन्य संबंधित क्षेत्रों में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ–साथ स्नातक कार्यक्रम और एम. फिल./पी. एच. डी. को शुरु किया जायेगा।

जुलाई 2013 से डिजाइन अध्ययन शिक्षालय ने अपना पहला कार्यक्रम सामाजिक डिजाइन में एम. ए. शुरु कियाः

इसके कार्यक्रमों, परियोजनाओं और शोध गतिविधियों को मजबूत करने के लिये एसओडी ने दो अलग–अलग पहल की है––

(1) भावी प्रयोगशाला के रूप में प्रोजेक्ट स्टूडियो निर्मित करना
(2) कौशलों, क्राफ्टस, बहुभाषी सामग्री अभिव्यक्ति केंद्र

1. भावी प्रयोगशाला के रूप में परियोजना स्टूडियो वास्तविक जीवन और स्वतः स्फूर्त विभिन्न परियोजनाओं का व्यापक प्रासंगिक दायरे में डिजाइन की क्षमता और मूल्य के निरूपण के लिये जिम्मेवारी लेगा। यह भावी प्रयोगशाला विश्वविद्यालय के अभिसरण गढ़ के रूप में कार्य करती है और उस वैचारिक नेतृत्व और नीति प्रभाविता को उपलब्ध कराती है जो कि समता, सुलभता, भागीदारी, समावेशन और अवसरों के मूल्य के रूप में उभरते और प्राथमिक परिदृश्यों को दर्शाने के लिये एयूडी की विभिन्न अध्ययनशालाओं के बीच शोध सहयोग पर आधारित है।

2. कौशल, क्राफ्टस, बहुभाषी सामग्री अभिव्यक्ति केंद्र भारतीय समुदायों, समाजों और अर्थतंत्रों में कौशल मूल्यों को सम्बोधित करेगा। सही मायनों में ये कौशल समुदाय हमारी सामजिक व्यवस्था की ताकत है, हमारे निकायों, खानपान और भौतिक संस्कृति को आकारित करता है, एक स्वायत्त और स्थानीयता का सृजन करते हुए हमें हमारी पहचान देता है और अक्सर यह हैबीटेट, वस्तुओं और असल में पूर्ण पारिस्थितिकी के उत्पादन की एक सतत् व्यवस्था के रूप में है। शहरी व्यवस्था, सेवाएँ और कार्य नाना–प्रकार के कौशल समूह द्वारा आधिपत्य रूप में पेश किये जाते हैं जो कि उपेक्षित किये गए हाशिये या वंचित क्षेत्रों से लिये गये हैं। अक्सर इन कौशल समूह की जड़ें प्रवासी और परंपरा संग्राहकों और ग्रामीण वातावरण के बीच आत्मसात किये जाने से सांस्कृतिक आनुवंशिकता से बाहर उभर आती हैं। हजारों साल से यही कार्य करने के बावजूद हुनरमंद (कौशल से सम्पन्न) हमारे सर्वव्यापक अर्थतंत्र के केंद्र में नहीं आ पाये हैं, बल्कि हाशिये पर हैं। इसके यहाँ पर समूचे निश्चित कारण हैं। इसकी क्षतिपूर्ति के लिये केंद्र को कौशल के अध्ययन, समझ और अन्वेषण के रास्ते खोजने होंगे। ये दोनों प्रयास डिजाइन अध्ययन शिक्षालय के छात्रों के लिये अनुभव, अधिगम और सहभागिता के लिये एक संतुलित मंच तैयार करेगा जिससे वे उनके कार्यक्रम की पदावधि के दौरान चल रही अंतर्विषयक परियोजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर सकें। भविष्य में अध्ययन शिक्षालय एक डिजाइन संग्रहालय को बनाने की योजना भी प्रारम्भ कर रहा है। यह अपने आप में भारत का

पहला संग्रहालय होगा और स्थानीय संदर्भों में डिजाइन के इतिहास से लेकर उभरते भविष्य से लेकर डिजाइन की समझ और सुस्पष्टता को साथ जोड़ते हुए अनुसंधान, अध्ययन और उल्लेख करने के लिये एक मुख्य केंद्र बन जायेगा।

विकास अध्ययन शिक्षालय (एसडीएस)

समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र विषयों के सिद्धांत पर आधारित अंतरविषयक दृष्टिकोण के माध्यम से सामाजिक विज्ञान के शिक्षण और शोध को सशक्त बनाना विकास अध्ययन शिक्षालय का लक्ष्य/मिशन है। एसडीएस का अम्बेडकर विश्वविद्यालय के समग्र दृष्टिकोण से एक विशिष्ट संबन्ध है जिसके द्वारा व्यापक और बहुविषयी उच्चतर शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना है और जिसका सामाजिक जरूरतों से खासा जुड़ाव है। यह इस समझदारी पर टिका है कि आज के संदर्भ में विकास के अनुभव, अस्मिता और भेदभाव के मामले, पर्यावरण संबंधी चिंताएँ आदि में गंभीर शोध अंतरविषयक दृष्टिकोण को अपनाकर ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। अध्ययन शिक्षालय का लक्ष्य है कि अति संवेदनशील, हाशिये पर रह रहे और वंचितों के समूह पर विशेष ध्यान देते हुए राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों, प्रक्रियाओं और वास्तविकताओं के दायरे में यह नवोन्मेषी और अत्याधुनिक शोधों को बढ़ावा दे। एम.ए. कार्यक्रम सन 2009 से शिक्षकों एवम् अकादमिक व व्यावहारिक जगत के विशेषज्ञों के परामर्श द्वारा अंतर्विषयक दृष्टिकोण से विकास संबंधी शिक्षाशास्त्र को उभार रहा है। स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन शिक्षालय ने ऐसे पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है जिसमें महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभवों समेत सैद्धांतिक व विचारात्मक समझ के योग के साथ–साथ शोध पर ध्यान देते हुए एक प्रबंध लिखने पर बल दिया जाता है। अंतरविषयक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगर छात्र इच्छा करते हैं तो अध्ययन शिक्षालय उन्हें इस बात की अनुमति भी देता है कि वे अन्य विषयों के परिप्रेक्ष्यों को दृष्टि में रखते हुए विषय–विशेष के दृष्टिकोण पर अधिक ध्यान दें।

शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय

शैक्षणिक अध्ययन शिक्षालय को अभिनियोजित छात्रवृत्ति तथा अभ्यास के जरिये अपने ऐतिहासिक और समसामयिक संदर्भों में शिक्षा को समझाने में प्रयासरत व्यवसायिकों और विद्वानों के समुदाय के रूप में विकसित करने के लिये परिकल्पित किया गया है। यह अध्ययन शिक्षालय अपने विविध स्थानों में शिक्षा के सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतराल

को पाटने का प्रस्ताव करता है तथा यह सामाजिक घटना के रूप में शिक्षा के अध्ययन तथा व्यवसायिक शिक्षकों को तैयार करने के बीच अधिक समाभिरूपता को बढ़ावा देगा। यह अध्ययन शिक्षालय शिक्षकों की शिक्षा शिक्षणशास्त्र, पाठ्यचर्या, नीति, नियोजन और प्रशासन पर ध्यान देते हुए विश्लेषण और अनुसंधान हेतु गम्भीर प्रैक्टिस आधारित सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य के विकास के लिये कार्य करता है।

अकादमिक सत्र 2012 के दौरान अध्ययन शिक्षालय का पहला कार्यक्रम शिक्षाशास्त्र में एम. ए. प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रमों को शिक्षा में विविध पृष्ठभूमियों (बी. एड. / बी. एल. एड.) से आये छात्रों के साथ, विभिन्न अनुशासनों जैसे साहित्य, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और विज्ञान आदि के स्नातकों द्वारा पोषित किया गया है। एसईएस छात्रों के लिये विशेषज्ञों और व्यवसायिकों के साथ पारस्परिक क्रिया उत्पन्न करने और उन्हें सुनने के अवसर प्रदान करने के लिये समय–समय पर विभिन्न कार्यशिविरों और विशेष अतिथि व्याख्यानों का आयोजन करता है। नेशनल गैलरी फॉर मॉडर्न आर्ट और आस–पास के संग्रहालयों में जाना आदि नियमित पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में छात्रों के सीखने के अनुभवों को प्रभावित करता है। एसईएस ने 'आह्वान समूह' के सहयोग के साथ मिलकर कॉम्प्रीहेन्सिव कॉन्टीन्युअस इवेलुएशन और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसी थीम पर विभिन्न कार्य शिविरों का भी आयोजन किया है। छात्र कश्मीरी गेट परिसर में आयोजित विश्वविद्यालय स्तर की गतिविधियों जैसे एयूडी / सिटी, स्पोर्ट्स मीट और एथलेटिक मीट में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

एसईएस शोध के क्षेत्रों और अन्य गतिविधियों जैसे फील्ड इंटर्नशिप, अध्यापन, पाठ्यक्रम विकास, कार्यशिविर आदि के द्वारा पारस्परिक संवर्धन को उभारने और विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं और संगठनों के साथ क्षमता निर्मित करने के लिये संभावित सहयोगों को खोज रहा है। अध्ययन शिक्षालय की राज्य के विद्यालयों और अभ्यासरत स्कूली शिक्षकों के साथ एक सतत संबन्ध स्थापित करने हेतु शिक्षा विभाग, दिल्ली राज्य सरकार के साथ साझेदारी निर्मित करने की कोशिश की जा रही है।

मानव पारिस्थितिकी अध्ययन शिक्षालय (एसएचई)

एसएचई का प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरणीय सरोकार की गहरी और बहुआयामी समझ विकसित करना है जिसमें सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान दोनों के परिप्रेक्ष्य शामिल हैं। एसएचई अपने छात्रों को ऐसे कौशलों और परिप्रेक्ष्यों के जरिये शिक्षित करना

चाहता है जो सामाजिक समता, अकादमिक कठिनाइयों और पारिस्थितिक सततशीलता को ध्यान में रखकर संबोधित और विश्लेषित करे। एसएचई का अम्बेडकर विश्वविद्यालय के समग्र दृष्टिकोण से एक विशिष्ट सम्बंध है जो कि ऐसी वृहत, बहुविषयक उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देता है जिसमें सामाजिक आवश्यकताओं का जुड़ाव हो। अम्बेडकर विश्वविद्यालय के समपर्ण को ध्यान में रखते हुए अध्यापन के नये तरीके इज़ाद करने और ज्ञान निर्माण के लिये अध्ययन शिक्षालय जमीनी आधार पर अध्यापन और जमीनी स्तर के अनुसंधान को बढ़ावा देता है। सक्रिय आचरण के जरिये इसकी पाठ्यचर्या मजबूत तौर पर विश्वविद्यालय और उससे इतर विश्व के साथ संबन्ध को विकसित एवम् प्रोत्साहित करने पर जोर देती है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिये इंटर्नशिप और लघु शोध–प्रबंधो को भी शामिल किया गया है।

मानव अध्ययन शिक्षालय

मानव अध्ययन शिक्षालय ने सम्भवतः पहली बार अपने अध्यापन में व्यक्ति और व्यक्ति के जीवन के बारे में, उनके वातावरण– परिवार, समुदाय, परिवर्तनशील जीवनशैली, संबंधों, लैंगिकता, कार्यस्थल के परिवर्तनशील स्वरूप, जीवन के चरण (खासकर वृद्धावस्था) आदि से सम्बंधित मामलों का समाधान करने के लिये मनोवैज्ञानिकों, सामाजिक मानव वैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों, दार्शनिकों और समाज कार्यों में लगे हुए व्यावसायिकों के अंतर्विषयक समूह को एक जगह एकत्रित किया है। एसएचएस उन खास वास्तविकताओं जो हमारे काल से संबंधित है और मानव अनुभव, चिंतन और स्वप्न को परिरक्षित करता है, पर विचारविमर्श को बढ़ावा देना चाहता है। शब्द 'मानव' अर्ध चेतन अवस्था में चेतना को खोने के चरण से अतिविनोदप्रियता की अवस्था तक की अपनी संजीदगी को याद करना है। अतः इस क्षमता को अध्ययन द्वारा बहुआयामी बनाया जा सकता है। एसएचएस को अवधारणात्मक शास्त्र और संबंधित प्रयोगों की श्रेणी के रूप में परिकल्पित किया गया है जो अपने कार्यक्रम के अभिबल तथा अध्यापन, मेंटरशिप, मूल्यांकन तथा समाज में व्यवहार के क्षेत्र में अनुसंधान और रोजगार की सूचना प्रदान करता है। फिलहाल यह अध्ययन शिक्षालय विनोदप्रियता, जो सामान्यतः उच्च शिक्षा से संबंधित नहीं है के साथ मानव जीवन के घटनाक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण मामलों पर ध्यान आकर्षित करते हुए मनोविज्ञान (मनो–सामाजिक–नैदानिक अध्ययन) और जेंडर अध्ययन में एम. ए. की डिग्री प्रदान करता है। साथ ही एसएचएस विकास अभ्यास केंद्र और एहसास क्लीनिक का भी कार्य देखता है।

महिला और जेंडर अध्ययन में एम. फिल. और पी.एच.डी.

महिला और जेंडर अध्ययन में एम.फिल. और पी.एच.डी. कार्य्रक्रम को 27 अगस्त 2012 को शुरु किया गया। यह कार्यक्रम एयूडी और महिला विकास अध्ययन केंद्र के बीच साझेदारी के बेहतरीन प्रयासों से जन्मा है। यह कार्यक्रम महिला विकास अध्ययन केंद्र के अनुसंधान और प्राथमिक तौर पर एयूडी के अध्यापन अनुभवों को साथ रखते हुए पाठ्यक्रमों और पैडागोजी के साथ नये प्रकार का प्रयोग कर रहा है। यह कार्यक्रम देश में महिला अध्ययन कार्यक्रमों द्वारा किये गये गहन और अग्रणी कार्य द्वारा आकारित किया गया है। इस एम. फिल. और पी.एच.डी. कार्यक्रम की पहचान को इसके अन्तरा–आत्मिक और अंतर्विषयक पहलुओं में लैंगिक विषय की जटिलता पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानव अध्ययन शिक्षालय के अंतर्गत चिह्नित किया गया है।

यह कार्यक्रम अन्वेषण के पात्र के रूप में जेंडर संबंधों की महत्ता पर विश्लेषणात्मक समझ और सत्ता के संरूपण के अध्ययन के साथ–साथ महिला के अधीनीकरण के कारणों, संदर्भों और परिणामों को भी समायोजित करता है। एयूडी में स्नातकोत्तर स्तर पर पहले से मौजूद जेंडर अध्ययन के जुड़े होने के कारण एम.फिल. और पी.एच.डी में प्रवेश पाना आवेदक के लिये अनुसंधान डिग्री के लिये एक छलांग की तरह होगा, साथ ही सांस्थानिक अधिसंरचना और यहाँ मौजूद संकाय और प्रशासन का सहयोग मिलेगा। इसके अलावा एम. ए. कार्यक्रम उन छात्रों के लिये एक सेतु का काम करेगा जो कि शोध कार्य शुरु करने के पहले इस क्षेत्र के बारे में जानना चाहते हैं। जैसा कि एयूडी ने अपने महिला और जेंडर के परिप्रेक्ष्यों को स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विस्तारित किया है अतः यह क्षेत्र को विकसित और इसके कर्ताओ को वृहत स्तर पर प्रशिक्षित करेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जेंडर के परिप्रेक्ष्यों को एयूडी के अधिकतर स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के घटक के रूप में शामिल किया जा चुका है और कहीं न कहीं इन विषयों का समायोजन एम. ए. और एम.फिल./पी.एच.डी. के जरिये महिला और जेंडर अध्ययन को मजबूती प्रदान करेगा। यह दो तरह के हस्तक्षेपों से संभव होगा – पहला, महिला और जेंडर अध्ययनों के लिये अलग विषय स्थिति उत्पन्न की जाये और दूसरा, मौजूदा विषयों में महिला और जेंडर अध्ययन विषय के पहलुओं को शामिल किया जाये।

मनोचिकित्सा और नैदानिक चिंतन में एम. फिल.

यह तीन वर्षीय कार्यक्रम मनोगतिकी, मनोचिकित्सक और क्लिनिकल अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षित करता है। इसका मुख्य आधार है कि एक ऐसे मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर का

निर्माण किया जाये जो कि संवेदनशील हो, खुले विचार वाला हो और जो संस्कृति, इतिहास और राजनीति की समझ रखता हो। यदि उसके परामर्श कक्ष में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाये तो वो इन पर खरा उतरना चाहिये। एक व्यक्तिपरक या पारिवारिक जीवन इतिहास से उसके लक्षणों को जोड़कर एक अनुभव जन्य, समानुभूतिक स्थिति के जरिये मानव संघर्षों के उतार–चढ़ावो को समझने पर जोर देना है। सिद्धांत, क्लिनिक सम्बंधी पर्यवेक्षण, वैयक्तिक थेरेपी में उभरते चिकित्सक को गहन प्रशिक्षण के साथ तैयार किया जाता है और क्लिनिकल शोध कार्य के जरिये यह अपेक्षा की जाती है कि वह नैदानिक स्तर पर उस क्षमता को मजबूत करेगा जिसमें मानसिक अवस्थितियों को पहचानने, व्यक्त करने और अभिव्यक्तयों को साझा करना शामिल है। यह गतिशील प्रक्रिया उपचार के प्रति झुकाव को सक्षम बनाती है और बाद में शोध के लिये तैयार करती है। मनोचिकित्सा और नैदानिक चिंतन में एम. फिल. कार्यक्रम सीधे तौर पर पी.एच.डी. कार्यक्रम से जुड़ा है और इसमें सीटें सीमित संख्या में ही हैं।

सेन्टर फॉर डेवलपमेंट प्रैक्टिस / एम.फिल. डेवलपमेंट प्रैक्टिस

सेन्टर फॉर डेवलपमेंट प्रैक्टिस और डेवलपमेंट प्रैक्टिस में एम.फिल. कार्यक्रम को औपचारिक तौर पर 20 अगस्त 2012 को श्री जयराम नरेश (ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार) द्वारा तीन मूर्ति भवन में उद्घाटित किया गया। इस केंद्र को देश में विकास के

क्षेत्रों के अंग के रूप में अनुसंधान, प्रलेखन, क्षमता निर्माण और चिन्तन के लिये एक आधार के रूप में देखा गया है। केंद्र डेवलपमेंट प्रैक्टिस में एम.फिल. भी करवाता है। डेवलपमेंट प्रैक्टिस में एम.फिल. कार्यक्रम (एयूडी और प्रतिष्ठित सेक्टर एजेंसी 'प्रदान' द्वारा सह–पोषित) अपरीक्षित 'ग्रामीण क्षेत्रों की विकासशीलता' और समान रूप से अपरीक्षित 'विकास के भव्य मार्गों' के परीक्षण के जरिये ग्रामीण संदर्भों में 10 माह लम्बे तल्लीनता–आधारित–अधिगम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के साथ संबंध स्थापित करना है और जिसकी इच्छा विकास क्षेत्र के पेशेवरों के 'कोहॉर्ट' को निर्मित करना है जो कि भारत के ग्रामीण क्षेत्र में एक परिवर्तनीय सामाजिक कार्यवाही को प्रारम्भ कर सकें।

मनोविज्ञान में पी.एच.डी.

यह कार्यक्रम स्व विवेचित पहलू के मनोवैज्ञानिक अन्वेषण को मजबूत करने की आशा करता है। ज्ञान और सत्ता पर निरंतर प्रश्न उठाकर एक अंतर्विषयक आधार और स्व चिंतन परिप्रेक्ष्य द्वारा निदेशित यह अनुसंधान की मनोवैज्ञानिक रूपरेखा तैयार करना चाहता है और साथ ही एक ऐसे मनोवैज्ञानिक मानव विज्ञान को उभारना चाहता है जो कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील हो, विउपनिवेशिकृत और सामजिक–राजनीतिक पहलूओं का जानकार हो। यह एक अंतर्विषयक शोध की समझ बनाने की कोशिश है जो कि चेतन और अचेतन धाराओं, भावों और जिंदगी की कई प्रघटनाशास्त्रीय संबंधी बहाव को उभार

देती है। जीवन और उसके संघर्षों के साथ–साथ गुणवत्ता आधारित कार्य पर ध्यान केंद्रित किया जाये जहाँ अनुसंधानकर्त्ता और अनुसंधान खुद एक सतत जुड़ाव को तवज्जो दें और परिवर्तनीय क्षमताओं को उभार सकें। यह पाठ्यक्रम भावी अनुसंधानकर्ताओं के लिये मनोगतिकी, आलोचनात्मक, सहयोगी और सवांदोन्मुखी कार्य के विषयों का बीड़ा उठाने के लिये आधारों को तैयार करता है।

एहसास – मनोचिकित्सा और परामर्श क्लीनिक

एहसास मानव अध्ययन शिक्षालय की एक नई पहल है जो कि सामाजिक रूप से संवेदी मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर को प्रशिक्षण देने के लिये प्रतिबद्ध है। क्लीनिक में फीस देने वाले लोगों के अलावा अलग–अलग सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमियों से आये लोगों को कम शुल्क एवम् मुफ्त तौर पर परामर्श और मनोचिकित्सा भी उपलब्ध करवाने की कोशिश की जाती है। क्लीनिक को वयस्क, शिशु और परिवार के रूप में समाविष्ट किया गया है और यह मनो–नैदानिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण भी उपलब्ध करवाता है। मनोविश्लेषण के जरिये रोग का पता लगा कर स्वस्थ बनाने के लिये नियमित तौर पर कार्य किया जाता है। एहसास वैयक्तिक–अन्य संबंधों की अर्थपूर्ण वैयक्तिक यात्रा को बढ़ावा दिये जाने की आशा करता है। 2011 से अब तक एहसास में 155 रोगी विभिन्न मानसिक परेशानियों से संबंधित मुद्दों के लिये आ चुके हैं।

एहसास क्लीनिक स्टाफ:

सुश्री नूपूर ढींगरा, मनोचिकित्सक
सुश्री शिफा हक, मनोचिकित्सक
सुश्री एंजलीन कौर, मनोचिकित्सक
आशीष रॉय, मनोचिकित्सक
श्री राजिंदर सिंह, मनोचिकित्सक

डेवलपमेंट प्रैक्टिस केंद्र का स्टाफ:

वर्तमान में केंद्र में एयूडी के संकाय और अतिथि संकाय शामिल हैं और "प्रदान" के विशेषज्ञ हैं जो कि छात्रों को पाठ्यक्रम और निरीक्षण में मदद करते हैं :

डॉ. अनूप कुमार धर (परियोजना निदेशक, एम. फिल् इन डेवलपमेंट प्रैक्टिस)
श्री राजेश के. पी. (अकादमिक फेलो)

सुश्री श्यामोलिमा घोष चौधरी (परियोजना प्रबंधक)
सुश्री गुरप्रीत कौर (परियोजना सहायक)

ललित अध्ययन शिक्षालय

ललित अध्ययन शिक्षालय में सभी परंपरागत सामाजिक विज्ञान के विषय शामिल हैं। इसके अलावा इनमें वे विषय भी शामिल हैं जिन्हें कला अथवा मानविकी संकाय के अंतर्गत परंपरागत तौर पर शामिल किया जाता रहा है। इसमें अर्थशास्त्र, इतिहास, अँग्रेजी, हिंदी और गणित शामिल हैं। शैक्षिक वर्ष 2011–12 के दौरान अध्ययन शिक्षालय ने अर्थशास्त्र, इतिहास, अँग्रेजी और सामाजिक विज्ञान पर आधारित चार विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरु किये. प्रत्येक कार्यक्रम में 64 क्रेडिट होंगे जिन्हें 4 समेस्टर में पूरा किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में दाखिला प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के बाद दिया जायेगा।

ललित अध्ययन शिक्षालय के सभी मौजूदा और प्रस्तावित गतिविधियाँ कुछ खास दीर्घकालीन उद्देश्यों के लिये बनायी गयी हैं :

- यह एक ऐसी नयी युवा सामाजिक वैज्ञानिकों की पीढ़ी निर्मित करेगा जो संज्ञानात्मक और विधिसम्मत तरीके द्वारा प्रशिक्षित और सामाजिक रूप से संवेदनशील होंगें। पिछले दो या तीन दशकों से भारत एक ऐसे सामाजिक बदलाव से गुजर रहा है जिसका कोई पूर्व अनुमान नहीं था। इस अनुभव को सुव्यवस्थित करने और इसकी जटिलता को सुलझाने की जरुरत है। हमें जरूरत है प्रशिक्षित सामाजिक वैज्ञानिकों की जो इस परिवर्तन की समझ पैदा करे और इसे दूसरों के लिये बोधगम्य बनाये।
- अध्ययन शिक्षालय एक अंतर्विषयक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश करेगा जो कि विशिष्ट अनुशासनो में पहले से ही पैठ बनाये हुए है। यह कहना सतही तौर पर विरोधाभासी होगा कि सामाजिक विज्ञानों का विकास गंभीर रूप से अन्य विशिष्ट विषयों के विकास पर निर्भर करता है। अध्ययन शिक्षालय सामाजिक विज्ञानों के एक विशेष पहलू और दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा जिसमें विशेष विषय उस नींव को तैयार करेंगे जो अंतर्विषयक भवन निर्माण में सहायक होगा। गणित के साथ–साथ अर्थशास्त्र, अँग्रेजी, हिन्दी, इतिहास और समाजशास्त्र जैसे विषय इसके मूल दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। अंततः अध्ययन शिक्षालय दर्शन, राजनीति, पंजाबी और उर्दू में भी कार्यक्रम शुरु करेगा। हम ऐसे अनुसंधानकर्ता तैयार करना चाहते हैं जो अपने अभिविन्यास में तो अंतर्विषयी हों परंतु अपने विशिष्ट विषय में प्रशिक्षित हों और उसकी

जड़ों से भी जुड़े रहें। अंतर्विषयकता के इस पहलू को विषयों की विधि में 'सामग्री' के रूप में कल्पित नहीं किया गया है बल्कि उन घटकों के रूप में पहचाना गया है जो अपना स्वाद और व्यक्तिपरकता बनाये रखते हैं।

- भारत में सामाजिक विज्ञानों की भाषा अँग्रेजी ही रही है। अध्ययन शिक्षालय एक हिन्दी संकाय को विकसित करने की योजना बना रहा है जो कि हिन्दी को स्थापित करने की कोशिश और बाद में सामाजिक विज्ञानों की भाषा के रूप में उर्दू, पंजाबी और अन्य भाषाओं की विशेषज्ञता को भी विकसित करेगा।
- अंतिम तौर पर एसएलएस का उद्देश्य सामाजिक विज्ञानों की बौद्धिकता और उत्कृष्टता द्वारा खड़े किये गये मानकों से इतर उन्हें सामाजिक रूप से प्रासंगिक और उत्तरदायी बनाने का है। सामाजिक विज्ञान खुद के साथ ही संतुष्ट नहीं रह सकता। इन्हें उन वृहत सामाजिक दुनिया के प्रति झुकाव उत्पन्न करना होगा जिसके अंतर्गत ये संचालित होते हैं। इन अर्थों में हमारे सामाजिक विज्ञान के विषय बौद्धिक स्वतंत्रता के मुख्य विचार और सामाजिक जवाबदेही दोनों को एक साथ ले आते हैं। विश्वविद्यालय नागरिक समाज के साथ जुड़ाव उत्पन्न करने के लिये अधिदेशित है। इस राह में एसएलएस खुद को एक मुख्य और सक्रिय साझेदार के रूप में देखता है।

एम. ए. अर्थशास्त्र

अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री को भारत जैसे विकासशील देशों के समक्ष आने वाली चुनौतियों सहित समसामयिक आर्थिक मामलों के बारे में समझने और सोचने की क्षमता प्रदान करने पर विशेष जोर के साथ छात्रों को आर्थिक विश्लेषण में कठिन और गहन उन्नत प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से संकल्पित किया गया है । यह कार्यक्रम सम्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष और सृजनात्मक शिक्षा शास्त्रीय दृष्टिकोणों के अंतर्गत विभिन्न सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्यों और परम्पराओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है, जो छात्र को विभिन्न उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल बनाएगा। इसके अंतगर्त अर्थव्यवस्था के संबंध में सामाजिक राजनीतिक और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का विकास करना; ऐसी मात्रात्मक तकनीकों में निपुण होना जिन्हें विश्लेषण में व्यापक रुप से तैयार किया जाता है; वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर समसामयिक आर्थिक मामलो का विश्लेषण करने की समझ और शिक्षा; आर्थिक विचारों को समझना और समझाने की दक्षता शामिल है। मुख्य पेपर में समष्टि अर्थशास्त्र, व्यष्टि अर्थशास्त्र, व्यापार और पूंजी, पूंजीवाद और उपनिवेशवाद, भारत की अर्थव्यवस्था के मामलों के अध्ययन तथा अनुसंधान प्रणालियाँ शामिल हैं।

एम. ए. अंग्रेजी

अंग्रेजी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम अनुवाद साहित्य के साथ–साथ अंग्रेजी में ब्रिटिश साहित्य और अन्य साहित्यों के पदानुक्रम को तोड़ने के लिये प्रस्तावित किया गया है। यह अज्ञात भाषाओं और क्षेत्रों के साहित्यों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। एयूडी के समग्र दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम छात्रों को विद्वतापूर्ण चिन्तन की ओर उन्मुख किये जाने की आशा करता है। सामाजिक और साहित्यिक हाशिये से संबंधित सरोकारों के साथ यह कार्यक्रम के समग्र दृष्टिकोण, दर्शन और विषय वस्तु का लगातार मार्गदर्शन करेगा । आशा की जा रही है कि व्यक्तियों और समुदायों के जीवन और संघर्षो को शिक्षा के साथ जोड़ने के कार्यक्रम का नैतिक सरोकार उन्हें साहित्य की समग्र समझ प्रदान करेगा। यह उन्हें गहन मानसिक, सृजनात्मक और सामाजिक समझ विकसित करने में भी मदद करेगा। आगे यह भी परिकल्पित है कि छात्र इस कार्यक्रम के जरिये संस्कृति समाज और राज्य की वृहत राजनीति के प्रति समालोचनात्मक समझ विकसित कर सकें ताकि वे प्रदत्त वर्चस्वशाली राजनीतिक और सांस्कृतिक व्यवस्था में सक्रिय और कलात्मक ढंग से हस्तक्षेप कर सकें। यह कार्यक्रम एक ओर विभिन्न साहित्य, सिद्धांतों और अभ्यासों के बीच और दूसरी ओर संगीत, नृत्य, रंगमंच, सिनेमा, साहित्य और दृश्य कलाओं के बीच वृहत्तर समामेलन को उपलब्ध करवाने हेतु अंतरविषयी पैराडाईम्स को समेकित करता है। छात्रों को व्यापक अंतर्विषयक पाठ्यक्रम प्रदान किये जायेंगे जो कि अन्य अनुशासनो के संदर्भ मे साहित्य को अवस्थित कर पाने में सहायता करेंगे। कुछ ऐच्छिक द्विभाषाई और बहुभाषाई पाठ्यक्रम भी प्रदान किये जाएंगे जिन्हे एयूडी के अंग्रेजी और हिंदी संकाय द्वारा संयुक्त रुप से पढ़ाया जाएगा।

एम. ए. इतिहास

इतिहास में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के दो उद्देश्य हैं: (1) इसमे ऐतिहासिक घटनाओं और प्रक्रियाओं का ज्ञान प्रदान करने का प्रस्ताव है (2) यह ऐतिहासिक विश्लेषण के कौशलों को संचरित और ऐतिहासिक कल्पना को प्रोत्साहन देता है। छात्रों से यह आशा की जाती है कि वे ऐतिहासिक आँकड़ों के आधार पर तथा जाँच की तर्क आधारित प्रक्रिया के जरिए स्वतंत्र रुप से विचार करने तथा निर्णय क्षमता प्राप्त करने के लिए इतिहासकारों की कला सीखें। यह कार्यक्रम छात्रों को अंतर्विषयक तरीके से ऐतिहासिक मुद्दों के चिंतन के लिये प्रेरित करेगा तथा समसामयिक सामाजिक प्रश्नो के बारे में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देगा।

एम. ए. समाजशास्त्र

समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के दो उद्देश्य हैं पहला, यह अनुसंधान प्रणाली और अनुप्रयोग, लेखन और विश्लेषण में ठोस आधार तैयार करने का प्रयास करता है जो विभिन्न क्षेत्रों जैसे विकासात्मक क्षेत्रों, निगमों, राज्य और मीडिया में छात्रों की उच्च दक्षता और प्रधान पदों पर कार्य सुनिश्चित करेगा। दूसरा, यह समालोचनात्मक चिन्तन की संस्कृति तैयार करना चाहता है जो उदार शिक्षा के संवर्धन के लिये वचनबद्ध होगा जो खासकर वैश्वीकृत विश्व में लोकतांत्रिक और समावेशी समाज में निरंतरता बनाये रखे। कार्यक्रम के मुख्य चिह्न अंतर्विषयक और अंतःक्षेत्रीय ज्ञान और अनुभव को सीखना और साझा करना तथा विश्लेषणात्मक और लेखन क्षमता को विकसित करना है।

एसएलएस के सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिये सतत विविध मूल्यांकन स्थितियों के लिये एक मूल्यांकन प्रणाली है। इसके अंतर्गत निबंध लेखन, ट्यूटोरियल, लिखित परीक्षा, मौखिक प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा और परियोजना कार्य शामिल हैं। कोई भी मूल्यांकन कुल मूल्याकंन के 40% से अधिक नहीं होगा। मूल्यांकन प्रणाली सिर्फ मूल्यांकन के लिये उपकरण मात्र नहीं है। लगातार सीखना मूल्यांकन प्रणाली का अभिन्न अंग है। मूल्यांकन और सीखना एक साथ–साथ चलने वाली और एक दूसरे को संपोषित करने वाली प्रकिया के रूप में अपेक्षित है। यह सतत मूल्यांकन प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि छात्र खुद अपनी अधिगम क्षमताओं के विकास की निगरानी में समर्थ हों।

स्नातक अध्ययन शिक्षालय (एस.यू.एस)

अम्बेडकर विश्वविद्यालय के स्नातक अध्ययन शिक्षालय में सात ऑनर्स कार्यक्रम अर्थशास्त्र, अँग्रेजी, इतिहास, गणित, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और समाज विज्ञान एवम् मानविकी में निहित हैं। यह तीन वर्षीय पाठ्यक्रम छात्रों को वृहत्तर विविध प्रकार के पाठ्यक्रमों के जरिये सैद्धांतिक कौशलों, अनुशासन एवम् अंतर्विषयक ज्ञान के साथ समर्थ बनाना चाहता है। एयूडी का स्नातक अध्ययन कार्यक्रम विशिष्ट लिबरल आर्ट्स में ऐसी शिक्षा प्रदान करता है जो कि युवा छात्रों को ज्ञान के विविध उपागमों से अवगत कराता है। चौथे वर्ष का अतिरिक्त अध्ययन छात्रों को दो मेजर के साथ ऑनर्स डिग्री भी देता है। अकादमिक वर्ष 2012–13 में एसयूएस में विभिन्न नवीन कदम उठाये गये। अप्रैल–मई 2012 में सातों कार्यक्रम के लिये बनाई गयी कार्यक्रम समिति के साथ एसयूएस की शासन संरचना को सुदृढ़ किया गया। एसयूएस के डीन की अध्यक्षता के अंतर्गत कार्यक्रम संचालक और सह–संचालक एसयूएस की अकादमिक संचालन समिति का गठन किया

गया है। अकादमिक वर्ष 2012–13 में एसयूएस के डिप्टी डीन (डॉ. चिराश्री दास गुप्ता, सहायक प्रो., अर्थशास्त्र, एस.एल.एस) की भी नियुक्ति की गयी। जिससे भावी प्रशासनिक और अकादमिक गतिविधियों को सरल एवम कारगर बनाने में मदद मिली है।

वर्ष 2012–13 में एसयूएस में 196 छात्रों को प्रवेश दिया गया। वर्तमान में एसयूएस में छात्रों की संख्या 320 है। 2010–11 बैच के 45 छात्र इस समय अंतिम वर्ष में है। ये जून 2013 में स्नातक हो चुके होंगे। ऐसी आशा है कि इनमें से बहुत से छात्र दो मेजर सहित ऑनर्स डिग्री के लिये अतिरिक्त चौथे वर्ष के लिये रुकेंगे।

विशेष रूचि के पाठ्यक्रम छात्रों को अंतिम वर्ष के पाँचवें और छठे समेस्टर में उपलब्ध करवाये जाते हैं। इसमें कम्प्यूटर एप्लिकेशन इन प्रोजेक्ट एप्लिकेशन, लीगल लिटरेसी एप्लिकेशन इन इंडिया, अंडरस्टैंडिंग डिसएबिलिटी थ्रू पॉपुलर मीडिया एंड डिजिटल स्टोरीटेलिंग शामिल हैं जो कि सामुदायिक ज्ञान केंद्र के सहयोग द्वारा प्रदान किये जाते हैं। इस अंतर्विषयक पाठ्यक्रम में राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम को भी जोड़ा गया जिससे छात्र नये क्षेत्र को खोजने में सक्षम होंगे जबकि एस.यू.एस राजनीति विज्ञान में ऑनर्स कार्यक्रम प्रदान नहीं करता है।

अकादमिक वर्ष 2012–13 में पहली बार एसयूएस में क्लाउड बेस्ड ई.आर.पी मॉडल के द्वारा कागजरहित ऑनलाइन प्रणाली के जरिये छात्रों को प्रवेश दिया गया। डॉ. सुरजीत मजूमदार (सहायक प्रो., अर्थशास्त्र, एस.एल.एस, एयूडी प्रवेश समिति के उपाध्यक्ष) और प्रो. गीता वेंकटरमन, डीन एसयूएस (प्रो. गणित, एसएलएस, एयूडी प्रवेश समिति की अध्यक्षा) ने ई.आर.पी द्वारा सांस्थानिक प्रवेश के लिये महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। आइटी सेवा निदेशक डॉ. के. श्रीनिवासन और श्री दीपक बिश्ला इनके सहयोग में अनुकरणीय थे। एक समिति जिसकी अध्यक्षता डॉ. जयति लाल (सहायक प्रो., समाजशास्त्र, एसएलएस) ने की, उनके परामर्श में 2012–13 के लिये एसयूएस सूचना पट्ट को नये सिरे से आकारित किया गया। मानसून सेमेस्टर के अंत तक वरिष्ठ छात्रों के आँकड़ों को ई.आर.पी में दर्ज किया गया तथा ई.आर.पी का प्रयोग करके अंतिम ग्रेड्स और परिणाम भी घोषित किये गये। शरदकालीन सेमेस्टर में छात्रों के हाजिरी संबंधी आँकड़ों को संगृहीत करने के लिये ई. आर.पी सुविधा का प्रयोग किया गया। एसयूएस ई.आर.पी समिति के अध्यक्ष डॉ. ज्योतिर्मय भट्टाचार्य (सहयोगी प्रो., अर्थशास्त्र, एस.एल.एस) ने शरदकालीन समेस्टर में छात्रों के पंजीकरण के लिये ERP के प्रयोग के लिये अत्याधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

2013–14 के मानसून समेस्टर के लिये ERP के जरिये हुए ऑनलाइन पाठ्यक्रम पंजीकरण में उत्पन्न हुई परेशानियों के समाधान विकसित किये गये।

2012–13 के मानसून और शरदकालीन सेमेस्टर में छात्रों के लिये स्नातक कार्यक्रम के 48 और 57 पाठ्यक्रम मौजूद थे। इतनी बडी संख्या में मौजूद पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिये एयूडी के 60–70 से भी अधिक संकाय सदस्यों को नियुक्त किया गया और इसका संचालन करना एक बड़ी समस्या बन गया था। एसीसी और कार्यक्रम समिति ने नियमित बैठकों में इन चुनौतियों को सुलझाने का प्रयास किया। निर्णय क्षमता को प्रतिभागी और ज्ञानप्रद बनाने के क्रम में कार्यक्रम समिति और एसीसी के बीच संप्रेषण माध्यम को खुला रखा गया है। एसीसी बैठकों के प्रावधानों को वृहत तौर पर एयूडी संकाय के साथ साझा किया जाता है। शरदकालीन सेमेस्टर में यह भी निर्णय लिया गया कि एसीसी महीने में कम से कम एक बार पहले बुधवार को बैठक करेगी।

प्रो. डेनिस लेईटन की अध्यक्षता वाली एसयूएस मूल्यांकन और हाजिरी समिति (ईएसी) ने शरदकालीन सेमेस्टर 2011–12 और मानसून समेस्टर 2012–13 के परिणामों को प्रमाणित कर दिया है। भविष्य में यह समिति एयूडी के लिये अकादमिक कैलेंडर का भी निर्माण करेगी प्रत्येक समेस्टर में योग्य छात्रों की सूची घोषित करेगी, अर्ध–वार्षिक और अंतिम समेस्टर परीक्षाओं के लिये परीक्षा समय–सारणी तैयार करेगी और मूल्यांकन एवम् हाजिरी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेगी।

एसयूएस की सात कार्यक्रम स्तरीय छात्र संकाय समितियों (SFCs) के छात्र सदस्यों को चयनित करने के लिये डॉ. अमितेस मुखोपध्याय (सहयोगी प्रो., समाजशास्त्र, एसएलएस) की अध्यक्षता में एक लघु समिति यह कार्य देखती है। एसयूएस की अध्ययन शिक्षालय स्तर की छात्र संकाय समिति ने शरदकालीन समेस्टर में पहली बार बैठक की थी।

डॉ. तनुजा कोथियाल (सहयोगी प्रो., इतिहास, एसएलएस) की अध्यक्षता में एसयूएस की समय–सारणी समिति ने मानसून और शरदकालीन सेमेस्टर के लिये समय–सारणी निर्मित करने का उत्कृष्ट कार्य किया है। 2012–13 के मानसून सेमेस्टर की समय–सारणी को बनाते समय उत्पन्न हुई कठिनाइयों के मद्देनजर, एसीसी ने सुश्री भूमिका मीलिंग (सहयोगी प्रो., अँग्रेजी) की अध्यक्षता में मार्च 2013 में समय–सारणी समिति का गठन किया जिसे पहले से ही मानसून समेस्टर के 67 पाठ्यक्रम के लिये समय–सारणी बनाने का कार्य सौंपा जा चुका है।

यह भी देखा गया है कि एसयूएस ने कार्यक्रम बोर्ड (बीओएस) को भी अपने अधिकार क्षेत्र में रखा है जो कि शुरुआती तौर पर एसयूएस और एसएलएस दोनों के लिये गठित किया गया था। कार्यक्रम बोर्ड ने 2013 में जनवरी और मार्च में दो बैठक की है। इन बैठकों में अत्यधिक लाभदायक चर्चाएँ और वाद–विवाद हुआ जिसने बोर्ड को प्रस्तुत किये पाठ्यक्रम और चर्चा को पोषित किया।

एसीसी की एक विशेष बैठक में उन विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की चर्चा की गई जिसमें एसयूएस, यूजीसी के 12वें प्लान फंड के लिये संलग्नक हो सकता है और प्रस्ताव जमा कर सकता है। चर्चा के दौरान बहुत से अन्वेषी विचार उत्पन्न हुए। इन्हें केंद्रीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बहुत से नये विचार यूजीसी के 12वें प्लान प्रस्तावों के हिस्से के रूप में नये केंद्रों और परियोजनाओं का हिस्सा बन गये। यह आशा की जा रही है कि एसयूएस छात्र इन विभिन्न केंद्रों जैसे सामाजिक उद्यमिता एवम् समुदाय प्रसरण केंद्र और विद्यालयों के साथ समुदाय स्वास्थ्य और पहुँच पर परियोजना में अहम् भूमिका अदा करेंगे। यह आशा की गई है कि एसयूएस का पाठ्यक्रम स्कूल शिक्षकों और आम लोगों के लिये भविष्य में सर्टिफिकेट/डिग्री को ऑनलाइन प्रदान करने में मदद करेगा।

यूजीसी के 12वें प्लान प्रस्ताव के जरिये वित्तीय सहायता पाने वाला एक केंद्र गणित का सामाजिक अनुप्रयोग केंद्र (सीएसएएम) है। सामाजिक विज्ञान और विज्ञानों के बीच की खाई को पाटने का सशक्त माध्यम गणित है। वैसे पारम्परिक तौर पर विज्ञान के साथ इसके संबन्ध को स्थापित किया जा चुका है पर सामाजिक विज्ञानों और मानविकी के साथ इसके जुड़ाव में पिछले दो दशकों से ही वृद्धि हुई। सीएसएएम के जरिये एयूडी प्रशिक्षण और अनुसंधान को प्रोत्साहित करना चाहता है जो कि सामाजिक विज्ञान और मानविकी के दायरे में आने वाले विषयों के साथ गणित की अर्थपूर्ण अंतर्क्रिया को उभारे।

एसयूएस के छात्रों को छात्रवृत्ति और फीस माफी :

2011–12 के शरदकालीन सत्र में एसयूएस के 37 छात्रों को उनके मानसून सत्र के प्रदर्शन के आधार पर मेधावी छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। इसी तरह मार्च 2013 में मानसून सत्र 2013 के लिये 67 छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं।

मानसून सत्र के लिये नवंबर 2012 में 32 छात्रों की फीस माफ की गई। इन 32 छात्रों में 3 छात्रों की आंशिक फीस और 29 छात्रों की पूर्ण फीस माफ की गई। शरदकालीन

सत्र 2012–13 के लिये मार्च 2013 में भी 53 छात्रों की फीस माफ की गई। 53 में से 5 छात्रों की आंशिक फीस और 48 छात्रों की पूर्ण फीस माफ की गई।

एसयूएस संकाय द्वारा योगदान

एसयूएस का अपना स्वतंत्र संकाय नहीं है। एयूडी के सभी संकायों से एसयूएस में योगदान देने की अपेक्षा की गई है। फिर भी अकादमिक फेलो की एक सीमित संख्या प्राथमिक तौर पर एसयूएस से जुड़ी है। एयूडी और एसयूएस के अकादमिक जीवन के लिये इनके योगदान की सूची निम्न है :

सुश्री जूही रितुपर्ण, अकादमिक फेलो (एसयूएस) और अँग्रेजी अध्यापन समूह के एक सदस्य ने लिटरेरी सोसाइटी के लिये कई इवेंट को आयोजित किया है। इनमें डॉ. अल्का सरावगी (साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता) और श्री अमनदीप संधू (उभरते युवा उपन्यासकार) के पाठन और वार्तालाप शामिल हैं तथा डॉ. परमेश रत्नाकर द्वारा यूटोपियन पर एक वार्तालाप भी शामिल है।

एसयूएस की कार्यक्रम समितियाँ (मई 2011– सितंबर 2012)

बी. ए. ऑनर्स अर्थशास्त्र में मेजर के साथ

सुरजीत मजूमदार (कार्यक्रम संचालक)
सुमंगला दामोदरन (सह–संचालक)
अरिंदम बनर्जी
मीनाकेतन बेहेरा
चिराश्री दासगुप्ता
प्रिया भागोवालिया
अस्मिता काब्रा

बी. ए. ऑनर्स अँग्रेजी में मेजर के साथ

उषा मुदिगंती (कार्यक्रम संचालक)
अस्मिता काब्रा (सह–संचालक)
गुंजीत अरोड़ा
सयनदेब चौधरी
नूपुर सेमुअल
संजू थॉमस

बी. ए. ऑनर्स इतिहास में मेजर के साथ

संजय कुमार शर्मा (कार्यक्रम संचालक)
प्रवीन सिंह (सह–संचालक)
धीरेन्द्र डंगवाल
शैलजा मेनन
अपर्णा कपाड़िया
धीरज नाईट
अरिंदम बनर्जी

बी. ए. ऑनर्स गणित में मेजर के साथ

गीता वेंकटरमन (कार्यक्रम संचालक)
राखी बनर्जी (सह–संचालक)
चंदन मुखर्जी
दिव्या भाम्भरी
अंशु गुप्ता

बी. ए. ऑनर्स मनोविज्ञान में मेजर के साथ

रचना जोहरी (कार्यक्रम संचालक)
उरफत मीर (सह–संचालक)
रिक मित्र
नीतू सरीन
थोकचोम बिबिनाज़ देवी
गंगूमुमई केमई
विनोद आर.

बी. ए. ऑनर्स समाज विज्ञान और मानविकी में मेजर के साथ

डेनिस पी. लेईटन (कार्यक्रम संचालक)
मनीष जैन (सह–संचालक)
रचना चौधरी
गोपालजी प्रधान
राधिका गोविंद

बी. ए. ऑनर्स समाजशास्त्र में मेजर के साथ

रुक्मिणी सेन (कार्यक्रम संचालक)
अनिर्बान सेनगुप्ता (सह–संचालक)
जयति लाल
अमितेश मुखोपध्याय
किरणमयी भूशी

बिदान चंद्र दास
लॉवितोलि जीमो (एसएएस)

एसयूएस की कार्यक्रम समितियाँ (अक्तूबर–2012)

बी. ए. ऑनर्स अर्थशास्त्र में मेजर के साथ

ज्योतिर्मय भट्टाचार्य (कार्यक्रम संचालक)
सुमंगला दामोदरन (सह–संचालक)
सुरजीत मजूमदार
चिराश्री दासगुप्ता
प्रिया भागोवालिया
अरिंदम बनर्जी
मीनाकेतन बेहेरा
अस्मिता काब्रा (एसएचई)

बी. ए. ऑनर्स अँग्रेजी में मेजर के साथ

उषा मुदिगंती (कार्यक्रम संचालक)
मौशमी कांडली(सह–संचालक)
संजू थॉमस
नूपुर सेमुअल
सयनदेब चौधरी
भूमिका मैलिंग

बी. ए. ऑनर्स इतिहास में मेजर के साथ

योगेश स्नेही (कार्यक्रम संचालक)
प्रवीण सिंह (सह–संचालक)
संजय कुमार शर्मा
धीरेन्द्र डंगवाल
शैलजा मेनन

अपर्णा कपाडिया
धीरज नीते
अरिंदम बनर्जी

बी. ए. ऑनर्स गणित में मेजर के साथ

गीता वेंकटरमन (कार्यक्रम संचालक)
राखी बनर्जी (सह–संचालक)
दिव्या भाम्भरी
प्रणय गोस्वामी
रमणीक खस्सा
बालचंद प्रजापति
अंशु गुप्ता (एसबीपीपीएसई)

बी. ए. ऑनर्स मनोविज्ञान में मेजर के साथ

रचना जौहरी (कार्यक्रम संचालक, एसएचएस)
अनिल परसौद (सह–संचालक, एसएलएस)
रिक मित्र (एसएचएस)
नीतू सरीन (एसएचएस)
थोकचोम बिबिनाज़ देवी (एसएचएस)
गंगूमुमई केमई (एसएचएस)
विनोद आर. (एसएचएस)

बी. ए. ऑनर्स समाज विज्ञान और मानविकी में मेजर के साथ

डेनिस पी. लेईटन (कार्यक्रम संचालक)
मनीष जैन (सह–संचालक,एसईएस)
गोपालजी प्रधान
आनंद सौरभ
विक्रम ठाकुर
रोहित नेगी (एसएचई)

ममता करोल्लिल (एसएचएस)
राजन कृष्णन (एससीसीई)

बी. ए. ऑनर्स समाजशास्त्र में मेजर के साथ

उरफत मीर (कार्यक्रम संचालक)
अनिर्बान सेनगुप्ता (सह–संचालक, एसडीएस)
रुक्मिणी सेन
जयति लाल
अमितेश मुखोपाध्याय
किरणमयी भूशी
बिधान चंद्र दास
लॉवितोलि जीमो (एसएएस)

विश्वविद्यालय के केंद्र

एयूडी ने अनुसंधान, प्रलेखन और प्रशिक्षण के लिये केंद्र स्थापित करने को प्रस्तावित किया है। ये केंद्र समसामयिक महत्ता के लिये क्षेत्रों पर कार्य करेंगे और विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण को अकादमिक एवम् शोध कार्यक्रमों के साथ सूत्रबद्ध करेंगे। यहाँ पर नेतृत्व एवम् परिवर्तन केंद्र, समानता एवम सामाजिक न्याय केंद्र, विनियोजित अध्यात्म एवम् शांति निर्माण केंद्र और गणित के सामाजिक अनुप्रयोग केंद्र को स्थापित किये जाने की योजना है। एक प्रकाशन केंद्र भी स्थापित किये जाने की योजना है। वर्तमान में तीन केंद्र कार्यरत हैं।

सीईसीईडी की गतिविधियों की मुख्य विशिष्टताएँ

एयूडी के अभिन्न अंग प्रारम्भिक बाल शिक्षा और विकास केंद्र (सीईसीईडी) ने 12 अक्तूबर, 2012 को अपने तीन वर्ष पूरे किये हैं। केंद्र ने बहुत ही कम समय में तिगुणी गति से विकास किया है और अपने आप को प्रारम्भिक बाल्यकाल के संसाधन केंद्र के अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। इसके विकास को भारत की 12वीं पंचवर्षीय योजना में भी दर्शाया गया था। केंद्र को स्थापित किये जाने का प्राथमिक उद्देश्य एक समग्र और एक संगतता के अंतर्गत अनुसंधान, नीति और अभ्यास को साथ लाकर नये स्थान का निर्माण करना था।

सीईसीईडी 2012–13 में अनुसंधान और समर्थन पर ध्यान देते हुए निम्न गतिविधियों से जुड़ा रहा :

(1) अनुसंधान : इसके अंतर्गत दो अध्ययन चल रहे हैं और बेहतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इनमें तीन राज्यों में चल रही प्राथमिक स्तर पर परिवर्तनीय गुणवत्ता के प्रभाव का एक अनुसंधान शामिल है जो कि दीर्घकालिक है और ईसीसी में अक्षरा फाउंडेशन के हस्तक्षेप के प्रभाव का मूल्यांकन है। यह अनुसंधान जल्द ही पूरा होने वाला है। सीईसीईडी ने 2012 में दो अन्वेषी अनुसंधान परियोजनाओं को भी शुरु और सम्पन्न किया है। साथ ही प्रारम्भिक बाल विकास अधिकार के लिये रूपरेखा विकसित करने के लिये एक अध्ययन भी किया गया जो कि अपनी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट दे चुकी है। दो नीति संक्षिप्त–वृत्त का प्रकाशन हो चुका है और तीन नीति संक्षिप्त–वृत्त प्रकाशन के लिये जा चुके हैं। प्रत्येक परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है :–

पूर्ण अनुसंधान परियोजनाएँ

(अ) अन्वेषी अनुसंधान :

एक्सप्लोरिंग बिलीफ, वेल्यूज एंड प्रैक्टिस ऑन डिसीप्लीन ऑफ यंग चिल्ड्रेन इन कॉन्टेक्स्ट ऑफ राईट टू एजुकेशन एक्ट, 2009 :

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 ने विद्यालयों में शारीरिक दंड का निषेध कर दिया है। शारिरिक दंड के प्रति विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, छात्र और उनके माता–पिता का परिप्रेक्ष्य जानने के लिये 3 विद्यालयों में अन्वेषण किया गया। हालांकि तीनों विद्यालयों ने शारीरिक दंड को सुधारने के लिये नीति विकसित की है पर शिक्षकों के लिये उचित तरीके और छात्रों को अनुशासित करने के लिये प्रशासन ने कोई वैकल्पिक रणनीति विकसित नहीं की थी।

एक्सप्लोरिंग चाइल्ड इन प्रिजन सेटिंग :

यह अन्वेषी अध्ययन कारागार में सजा काट रहीं माताओं के साथ रह रहे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के अनुभवों को अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिये तैयार किया गया था। भारतीय कानून के अनुसार, यदि बाहर कोई सहयोग उपलब्ध न हो तो जेल में रह रहीं माताएँ 5 वर्ष से छोटे बच्चों को अपने साथ रख सकती हैं। शुरुआती विश्लेषण से यह सामने आया कि अधिकतर मामलों में माता व पिता दोनों ही जेल में थे। दिलचस्प यह रहा कि बच्चे ऐसे भूमिका निभाने में व्यस्त दिखे जिनकी थीम ताला–चाबी, जेल, पुलिस, हत्या, चोरी आदि था। बच्चे अभद्र भाषा का भी प्रयोग करते थे। अवलोकन में यह सामने आया कि जो बच्चे जेल में ही पैदा हुए थे और चूंकि वे जेल परिसर तक ही सीमित थे, सुविधाओं और अनेक अनुभवों से वंचित थे तो उन्हें संकल्पना निर्माण में दिक्कत होती थी। इसके निष्कर्ष में यह भी पाया गया कि ये बच्चे अपने जेल आवास समय के दौरान कई जोखिमों के बीच हैं। फिर भी क्रेच द्वारा दिये जाने वाले सहयोग सेवा और अन्य कार्यक्रम बच्चों में बदलाव लाने के लिये अहम् भूमिका अदा करेगा और उन्हें विद्यालयों के लिये तैयार करेगा।

(ब) प्रारम्भिक बाल देखभाल और शिक्षा पर नीति संक्षिप्त–वृत्त

प्रकाशित नीति संक्षिप्त–वृत्त :

ईसीई इन इंडिया : ए स्नेपशॉट –

प्रारम्भिक बाल शिक्षा के अंतर्गत 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन और भागीदारी की स्थिति और प्रवृत्ति पर उपलब्ध स्त्रोत के द्वारा आँकड़ों को इकट्ठा करने के लिये द्वितीयक

अनुसंधान शुरु किया गया। यह नीति संक्षिप्त–वृत्त मुख्य रूप से देश भर में प्रारम्भिक बाल शिक्षा पर उपलब्ध अपूर्ण आँकड़ों पर प्रकाश डालता है। इस दस्तावेज में प्रारम्भिक बाल शिक्षा की महत्ता के संदर्भ में इसकी संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों, देश में मौजूद शिक्षक शिक्षा संस्थानों के अनुचित वितरण, वर्तमान में बाल जनसंख्या और ईसीई में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन में राज्यवार अंतर पर प्रश्न उठाए गये हैं। इसके द्वारा इस क्षेत्र में मौजूदा आँकड़ों में अंतर पर प्रकाश डाला गया है और नियमित अंतराल पर एक बोधगम्य एवम् नवीनतम आँकड़ों के स्त्रोत की जरूरत की ओर ध्यान इंगित किया गया है। इस नीति संक्षिप्त–वृत्त के निष्कर्षों और सुझावों को सीईसीईडी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में और बाद में मार्च 2013 में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में साझा किया गया।

'अनपैकिंग केयरः प्रोटेक्टिंग अर्ली चाइल्डहुड' –

यह नीति संक्षिप्त–वृत्त बाल्यकाल (विशेष तौर पर तीन वर्ष से नीचे के बच्चे) के दौरान सतत् देखभाल की जरूरतों की समझ पर ध्यान केंद्रित करता है। यह सुरक्षित, संगत और जिम्मेवार देखभाल की गंभीर महत्ता पर जोर देता है और इस क्षेत्र में मौजूदा आनुभविक तथ्यों के निचोड़ के जरिये बच्चों के लिये जल्दी सीखने के अवसरों को बढ़ाने और देखभाल के लिये रणनीति का सुझाव देता है।

प्रकाशन में नीति संक्षिप्त–वृत्त

रेट ऑफ रिटर्न्स फ्रॉम अर्ली चाइल्डहुडः

यह एक साबित किया जा चुका तथ्य है कि जीवन के शुरुआती वर्ष जीवन भर के विकास के लिये नींव तैयार करते हैं। सरकार द्वारा निवेश के आर्थिक प्रत्यर्पण पर किये गये अध्ययनों ने दर्शाया है कि प्रारम्भिक बाल शिक्षा पर शिक्षा निवेश वयस्क काल में किये गये निवेशों की तुलना में समाज को उच्च प्रत्यर्पण मिलता है। इस प्रकार यह नीति संक्षिप्त–वृत्त प्रारम्भिक बाल कार्यक्रमों में किये गये निवेश के आर्थिक प्रत्यर्पण पर अध्ययन और प्रभाव की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है।

मल्टीलिंग्वलिज्म (बहुभाषावाद):

बहुभाषावाद सामाजिक न्याय और सामाजिक व्यवहारके सिद्धांत के अंतर्गत कार्य करता है. शोध दर्शाता है कि जो बच्चे एक से अधिक भाषा बोलते हैं, एक ही भाषा जानने वाले बच्चों के बनिस्वत उनकी अधिभाषा की जानकारी अधिक होती है, समस्या समाधान में बेहतर

होते हैं, वृहत सृजनात्मकता दर्शाते हैं, विद्यालयों में सभी तरह से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और दूसरो के प्रति अधिक सहिष्णु होते हैं। यह नीति संक्षिप्त–वृत्त समझाता है कि किस तरह बच्चे भाषा ग्रहण करते हैं और विभिन्न भाषाओं को विभिन्न तरीकों से ग्रहण करते हैं। यह भारत जैसे विजातीय देश में बहुभाषा को बढ़ावा देने के कारण भी देता है। यह अनुसंधान से प्राप्त तथ्यों के जरिये कुछ मिथकों को भी तोड़ता है और बहुभाषा को बढ़ावा देने के सुझाव देता है।

ब्रेन डेवलपमेंट इन द अर्ली ईयर्स : द न्यूरोसाइंस डिबेट –

पिछले दो दशकों में मस्तिष्क विकास और इसकी सुनम्यता में दिलचस्पी बढ़ी है और कई अनुशासनों के बीच पनप रही है। विशेष तौर पर इसका जोर जीवन के पहले तीन वर्ष पर है जो कि प्रतिकूल प्रभावों के लिये अधिक नाजुक माने जाते हैं और उसी समय बच्चों के जीवन के आधार के लिये "अवसरों की खिड़की" के रूप में हस्तक्षेपों को रोकने के लिये भी यह उत्तरदायी होता है। प्रारम्भिक हस्तक्षेपी कार्यक्रम में मौजूदा लहर जीवन के पहले 1000 दिनों को लक्ष्य बनाती है जो कि इस विश्वास पर आधारित है कि इस समय हुई कमी के कारण पूरे जीवन भर परिणामों को भुगतना पड़ता है। इस समय के दौरान लिये गये सुधारात्मक कदम नकारात्मक निष्कर्षों से बचा सकते हैं। इस अवस्था में कोई भी अभाव विकास पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। इस अवस्था में अभाव को कैसे पलटा जाये? इस नीति संक्षिप्त–वृत्त ने भारतीय बच्चों के लिये बहस को शामिल करने की कोशिश की और क्रियान्वयन को लागू किया।

(स) प्रारम्भिक बाल विकास अधिकार की रूपरेखा

इस नीति संक्षिप्त–वृत्त ने 6 वर्ष की आयु से नीचे के बच्चों के लिये समर्थ अधिकारिता और बच्चों के लिये प्रावधानों की मौजूदा स्थिति के रूप में प्रारम्भिक बाल विकास अधिकार की संकल्पना को परिभाषित किया है। अधिकारों की रूपरेखा का विकास द्वितीयक स्त्रोत के आँकड़ों की समीक्षा और विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर किया गया है। विश्लेषण ने यह दर्शाया है कि बच्चों के लिये नीतिगत पैराडाइम में बदलाव की जरूरत है। समग्र तौर पर इस पेपर में बहुत से गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है जो कि वृहत्तर नीति क्रियान्वयन के लिये जरूरी है। इसकी प्राप्तियों को शिक्षा के अधिकार मंच पर साझा किया गया है।

(द) जारी अनुसंधान परियोजनाएँ

लॉन्गिट्यूडनल रिसर्च टू स्टडी ट्रेंड इन पार्टीसिपेशन एंड इम्पैक्ट ऑफ क्वालिटी वैरीएशंस इन ईसीई ऑन स्कूल रीडीनेस लेवल्स एंड प्राइमरी स्कूल परफॉरमेंस :

इस अध्ययन का उद्देश्य लोगों के बीच, निजी और इच्छित क्षेत्रों जो कि प्रारम्भिक शिक्षा के लक्ष्यों पर सतत प्रभाव को निश्चित करेंगे और बच्चे के संपूर्ण विकास में योगदान देंगे, इसको भारतीय संदर्भ में किसी भी ईसीई कार्यक्रम के लिये मौलिक और गैर–समझौताकारी तत्वों की आनुभाविक पड़ताल और अन्वेषण करना है।

यह अध्ययन सीईसीईडी और वार्षिक शिक्षा रिपोर्ट केंद्र (एसर) की साझेदारी द्वारा संचालित है। इसको यूनिसेफ, विश्वबैंक, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (भारत सरकार), चिल्ड्रेन इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन, बर्नार्ड वेन लीयर फाउंडेशन और सोसाइटी फॉर एलिमिनेशन ऑफ रुरल पॉवर्टी (आंध्र प्रदेश सरकार) द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है। इसकी एक कड़ी A ऐसर द्वारा और दूसरी कड़ी B सीईसीईडी द्वारा आंध्र प्रदेश, असम और राजस्थान में संचालित है। वहीं तीसरी कड़ी C (सीईसीईडी द्वारा संचालित) उन राज्यों में चल रही है जहाँ ईसीई का प्रदर्शन अच्छा है जैसे गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तराखंड। इसके अलावा आंध्रप्रदेश और राजस्थान में मौजूद दूसरी कड़ी B के दो नमूनो को केस स्टडी के रूप में लिया गया है।

- सर्वेक्षण साइट में ईसीई की उपलब्धता का आंकलन और जिला स्तर पर उसे तीन से साढ़े तीन एवम् चार से साढ़े चार वर्ष के बच्चों की ईसीई में सहभागिता को विश्लेषित करने के लिये कड़ी A द्वारा प्री टेस्ट आँकड़ों को इकट्ठा किया गया। इस रिपोर्ट को सीईसीईडी के अनुसंधान सहायक एसर द्वारा तैयार किया गया है।
- गुणवत्ता रूपांतरण रिपोर्ट–बच्चों के एक सैम्पल द्वारा सार्वजनिक, निजी और गैर सरकारी संगठन क्षेत्रों के बीच ईसीई के विभिन्न कार्यक्रमों की गुणवत्ता परिवर्तनीयता के अध्ययन हेतु कड़ी B द्वारा प्री टेस्ट आँकड़ों को विश्लेषित किया गया। इसकी प्राप्तियों को "क्वालिटी एंड डाइवर्सिटी इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन" के नाम से रिपोर्ट के रूप में दर्ज किया गया। इस विश्लेषण की प्राप्तियों के विभिन्न पहलुओं को अलग–अलग मंचों पर प्रस्तुत किया गया जिसमें अप्रैल 2012 में प्यूर्टो रीको में सीआइईएस सम्मेलन, सीईसीईडी द्वारा आयोजित एक सेमिनार, नवंबर 2012 में जकार्ता में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और बाद में मार्च 2013 में जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली में हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शामिल है।
- अक्तूबर 2013 में अध्ययन से उभरती प्राप्तिओं और अध्ययन के लिये परामर्शी पद्धति में विश्लेषण योजना को विकसित करने हेतु सभी सदस्यों के साथ एक अनुसंधान सलाहकार समिति बैठक और संचालन बैठक आयोजित की गई।
- पांच एवम् साढ़े पांच तथा छः एवम् साढ़े छः वर्षीय बच्चों के 2462 सैम्पल के अंतर्गत

और तीनों राज्यों में मौजूद सार्वजनिक, निजी और गैर सरकारी संगठनों के बीच 298 ईसीई केंद्रों द्वारा एक पोस्ट टेस्ट चरण पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में आँकड़ों को विश्लेषण के लिये तैयार किया जा रहा है।

- अप्रैल 2012 में तीनों राज्यों से संबंधित पोस्ट टेस्ट के लिये कोहॉर्ट (सहभागिता की नियमितता और उसकी स्थिति के बारे में जानना) के तिमाही चक्र को पूरा कर लिया गया है। बाद में दूसरे चक्र के दौरान बच्चों पर फिर से नजर रखी गई। विभिन्न ईसीई केंद्रों के बीच बच्चों की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया और संबंधित केंद्रों के द्वारा बच्चों की हाजिरी भी इकट्ठी की गई। यह पाया गया कि ईसीई नीति और पाठ्यचर्या के अभाव के चलते बच्चे विभिन्न मार्गों पर चल रहे थे।
- केस अध्ययन : अध्ययन की तीसरी कड़ी C ने गुणात्मक अनुसंधान पद्धति का प्रयोग करके ईसीसीई में संलग्न अभ्यासों के 9 केस अध्ययनों को तैयार किया है। केस अध्ययन के लिये आँकड़ों का संग्रहण और केस रिपोर्ट का पहला ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है। 8–10 फरवरी 2013 के बीच प्राप्तियों के प्रस्तुतिकरण और साझे सैद्धांतिक आधारों को विकसित करने के प्रत्यक्ष प्रयास के लिये एक तीसरे केस अध्ययन कार्यशिविर को आयोजित किया गया। इसी को ध्यान में रखते हुए मार्च 2013 में सभी 9 केस अध्ययनों को पीयर रिव्यू के लिये भेज दिया गया है। केस अध्ययनों के लिये एक सेमिनार अप्रैल 2013 के लिये प्रस्तावित किया गया जो कि अध्ययनों के संकलन की रिपोर्ट के फाइनल ड्राफ्ट का प्रस्तुतिकरण करेगा।
- इम्पैक्ट असेसमेंट ऑफ द अक्षरा इंगेजमेंट विद द आइसीडीएस सिस्टमः अक्षरा फाउंडेशन के अनुरोध पर वर्तमान में सीईसीईडी बंगलौर में आइसीडीएस में उसके हस्तक्षेपों के मूल्यांकन का संचालन कर रहा है। फाउंडेशन ने ईसीई में चार वर्षों तक आइसीडीएस में हस्तक्षेप किया है और लगभग 1771 आंगनवाड़ी केंद्रों और 100 स्वाधीन बालवाड़ी को समेटा है। अध्ययन के लिये ईसीई केंद्रों के 48 रैंडम सैम्पल द्वारा व्यवस्थित रूप से ग्रहण किये गये आँकड़ों का संग्रहण पूरा हो चुका है और इनका विश्लेषण प्रक्रिया में है। अक्षरा फाउंडेशन इस बात का समर्थन करता है कि फील्ड से मिले अनुभव वृहत स्तर पर ईसीईसी कार्यक्रमों की योजना और उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लागू कर सकता है।

समर्थन और प्रचार :

समर्थन और प्रचार हमेशा से सीईसीईडी की मूल कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग रहा है। इस वर्ष भी यह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा परंतु अधिक गहनता और बदलाव के साथ. नियमित तिमाही व्याख्यान/सेमिनारों के साथ–साथ इस वर्ष अप्रैल 2012 में "वर्ल्ड ईसीई डे" का एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया जो बाल्यावस्था के भाव और इस उम्र के समूह की जरूरतों के समर्थन को उत्सव के रूप में मनाने के लिये बच्चों और ईसीई प्रणेताओं को समर्पित किया गया। कार्यक्रम को आयोजित और नियोजित करने के लिये सीईसीईडी को यूनेस्को और यूनिसेफ द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ और यह सफल रहा। विश्व बैंक, यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग के साथ सीईसीईडी ने अगस्त 2012 में मेजर दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसकी प्रतिभागियों, साझेदारों और प्रणेताओं ने भरपूर प्रशंसा की। समर्थन प्रयासों का हिस्सा होने के नाते सीईसीईडी, ईसीई की स्थिति पर नीति संक्षिप्त–वृत्त का भी समर्थन करता है और इसके अनुसंधान से प्राप्त हुए निष्कर्ष इसके व्याख्यान/सेमिनार सीरिज का हिस्सा बन गये हैं।

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन 2012 : 27–29 अगस्त, 2012 के बीच विश्व बैंक के सहयोग के साथ सीईसीईडी ने प्रारम्भिक बाल देखभाल और शिक्षा पर दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन, द ऑबरोय, दिल्ली में किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर आठ दक्षिणी एशियाई देशों के बीच प्रारम्भिक बाल देखभाल और शिक्षा को नीतिगत स्तर की चर्चा के केंद्र में लाना था और इसके लिये दक्षिण एशिया के लिये क्षेत्रीय रणनीति तैयार करने के लिये सरकारों का सहयोग प्राप्त करना था। सम्मेलन में कुल 232 प्रतिभागियों जिसमें 62 वक्ता भी शामिल थे, ने भाग लिया। आठ देशों में से सात दक्षिणी एशियाई देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें की गई सहभागिता प्रशंसनीय थी। सम्मेलन का चरम बिंदु क्षेत्रीय रणनीति से संबंधित सुझावों के साथ–साथ राष्ट्रीय लक्ष्य और दिल्ली घोषणा के द्वारा उपजे सरोकार थे।

तिमाही संगोष्ठी : सीईसीईडी ने केयर इंडिया के सहयोग में "क्वालिटी इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन–इश्यू एंड इनिश्येटीव इन इंडिया" नाम का सेमिनार आयोजित किया. यह सेमिनार 28 जनवरी 2013 को सीआईईटी, एनसीईआरटी में हुआ। इस सेमिनार को आयोजित करने का विशेष उद्देश्य मौजूदा आँकड़ों और जमीनी यथार्थ के बीच अंतर को प्रकाश में लाना और सिद्धांत, नीति एवम् अभ्यास में एक जुड़ाव को उभारना रहा।

विश्वविद्यालयों और गैर सरकारी संगठनों के इस क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद् और व्यावसायिकों ने चर्चा में योगदान दिया। सेमिनार में चर्चा के मुख्य बिंदु थे : भारत में ईसीई की वर्तमान स्थिति, सीईसीईडी की इम्पैक्ट स्टडी से प्राप्त निष्कर्षों को साझा करना, भारत सरकार द्वारा गुणवत्ता संबंधित प्रयास, ईसीसीई के क्षेत्र में राज्यों और एनजीओ द्वारा लिये गये प्रयासों के कुछ अनुभव।

वैश्विक कार्यवाही सप्ताह : सीईसीईडी और राष्ट्रीय बाल भवन के साझेदारी में यूनिसेफ और यूनेस्को के सहयोग द्वारा 26 अप्रैल 2012 को बाल भवन में "सेलिब्रेटिंग चाइल्डहुड" कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'सबके लिये शिक्षा' के वैश्विक कार्यवाही सप्ताह का हिस्सा था जो कि ऐसे संगठनों पर प्राथमिक तौर पर ध्यान केंद्रित करता है जो छोटे बच्चों और उनके परिवारों को सहयोग देते हैं। यह कार्यक्रम बाल केंद्रित उपकरणों जैसे सबके लिये शिक्षा, मिलेनियम विकास लक्ष्य और शिक्षा के अधिकार के साथ प्रभावी तौर पर ईसीसीई की जरूरत का समर्थन करता है। कार्यक्रम में अलग–अलग गैर–लाभकारी संगठनों से 130 बच्चे पैनल चर्चा, कठपुतली तमाशे के साथ–साथ गतिविधि कक्ष में कहानी सुनाओ सत्र और प्रेरक गतिविधियों (जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना और चित्रकारी) में शामिल थे।

वेब पोर्टल लॉन्चः अगस्त 2012 में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन में सीईसीईडी द्वारा वेब पोर्टल को लॉन्च किया गया। वर्तमान में साइट को संशोधन के लिये स्थगित रखा गया है। पोर्टल को पुनः आरम्भ कर इसको "अर्ली स्कोपः एन अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पोर्टल" बोला जायेगा। इसका उद्देश्य सभी ईसीसीई के प्रणेताओं के बीच चर्चा और समझ विकसित करने के लिये योगदान की शुरुआत करना तथा विभिन्न परिप्रेक्ष्यों के लिये मंच को तैयार करना है। इस मंच को बच्चों और उनके परिवारों के लिये उच्च गुणवत्ता आधारित सेवा को बढ़ावा देने की नीतियों के समर्थक के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है।

सीईसीईडी की टीम विजिटः सीईसीईडी के सदस्यों ने प्रारम्भिक बाल शिक्षा और विकास में बेहतर अध्ययन को बढ़ावा देने के लिये अपनी विशेषज्ञता को अन्य संगठनों के साथ साझा किया। विवरण इस प्रकार है :–

जकार्ता अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन :

5–7 नवम्बर 2012 को जकार्ता में एक अंतरराष्ट्रीय प्रारम्भिक बाल देखभाल और विकास सम्मेलन को विश्वबैंक, एशिया पेसेफिक रीजनल नेटवर्क फॉर अर्ली चाइल्डहुड और इण्डोनेशिया अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड डेवलपमेंट कोएलिशन द्वारा सह आयोजित किया गया। इस सम्मेलन को प्रारम्भिक अधिगम और विकास वर्षों की महत्ता पर प्रकाश डालने के लिये आयोजित किया गया था। सम्मेलन में सीईसीईडी के सात सदस्यों ने भाग लिया और पेपर भी प्रस्तुत किये।

प्रारम्भिक बाल देखभाल और शिक्षा नीति राष्ट्रीय सलाहकारः

29 अक्तूबर 2012 को डॉ. मोनिमलिका डे, सुश्री प्रीति महलवाल और सुश्री देविका शर्मा ने प्रारम्भिक बाल शिक्षा, पाठ्यचर्या एवम् रूपरेखा और ईसीई की गुणवत्ता मानकों पर आधारित एक राष्ट्रीय नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप देने के लिये महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय सलाहकार बैठक में भाग लिया।

विद्यालय पूर्व शिक्षा के लिये शिक्षा अधिकार के विस्तार पर राष्ट्रीय सलाहकार :

प्रो. वनिता कौल (निदेशक, सीईसीईडी) और प्रो. आर. गोविंदा (कुलपति, न्यूपा) ने 7 फरवरी 2013 को न्यूपा, दिल्ली में विद्यालय पूर्व शिक्षा के लिये शिक्षा अधिकार के विस्तार

पर आयोजित बैठक में सह समिति द्वारा विकसित एक ड्राफ्ट दस्तावेज को प्रस्तुत किया. जहाँ देविका शर्मा, डॉ० रीमा कोच्चर, श्री संदीपन पॉल, सुश्री पारुल कोहली और सुश्री अपराजिता बारगढ़ ने भाग लिया।

19 अक्तूबर 2013 को विश्व बैंक द्वारा आयोजित सेमिनार "मेकिंग अर्ली चाइल्डहुड इंटरवेंशंस इफेक्टिव" को एल्डरमैन द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रो. वनिता कौल ने की और इसमें सीईसीईडी के कुछ सदस्यों द्वारा भाग भी लिया गया।

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय सम्मेलन :

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में 21–22 मार्च 2013 को आयोजित 'अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट स्मॉल स्टेप्स टू ब्राइट फ्यूचर" पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सीईसीईडी की टीम के चार सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. वनिता कौल ने 'डिमिस्टीफाइंग अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन इन इंडियन कोन्टैक्टस' पर एक वार्ता प्रस्तुत की. साथ ही सीईसीईडी के तीन सदस्यों ने पेपर भी प्रस्तुत किये।

सुश्री देविका शर्मा ने 9 अक्तूबर 2012 को इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर एनेक्स में "आर्ट एंड एजुकेशन" पर एक सेमिनार में भाग लिया जहाँ प्रो. कष्ण कुमार और अन्य वक्ताओं द्वारा कला आधारित शिक्षा पर चर्चा की गई।

शिक्षा का अधिकार मंच :

शिक्षा का अधिकार मंच और प्रारम्भिक बाल देखभाल और विकास अधिकार द्वारा आयोजित बैठक के प्रत्येक चरण के दौरान सीईसीईडी की सुश्री मीनाक्षी डोगरा ने विशेष निर्धारकों के साथ 8 वर्ष से नीचे की आयु वाले बच्चों के लिये अधिकारिता पर रूपरेखा प्रस्तुत की।

- प्रो. वनिता कौल ने लंदन में 29 अक्तूबर 2012 को बाल निवेश फंड की सलाह समिति बैठक में सदस्य के रूप में भाग लिया।
- प्रो. वनिता कौल को दिसम्बर 2012 में नेपाल सरकार द्वारा प्रारम्भिक बाल शिक्षा राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रारम्भिक बाल शिक्षा की महत्ता पर एक मूल भाव प्रस्तुत करने को आमंत्रित किया गया।
- प्रो. वनिता कौल को 8–9 मार्च 2013 को वॉशिंगटन डी. सी. में एक वैश्विक मिलाप

तथा एकीकृत बाल विकास पर उनके शोध कार्य को प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किया गया।

- प्रो. वनिता कौल एनसीटीई परिषद् की सदस्य थीं और उसकी बैठकों में नियमित भाग लेती रहीं हैं।

भूटान प्रतिनिधिमंडल :

19 दिसम्बर 2012 को भूटान प्रतिनिधिमंडल समूह ने सीईसीईडी, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल की अगुआई सुश्री श्रेया बरुआ (संचालक, सेव द चिल्ड्रेन, इंडिया) द्वारा की गयी। इसका मुख्य कार्य भारत में प्रारम्भिक बाल देखभाल और विकास हस्तक्षेपों को समझना था।

डॉ० एन्न डी गिरॉलामो (वरिष्ठ सलाहकार, 'केयर' बाल विकास, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका) ने सीईसीईडी के प्रारम्भिक बाल शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्य को समझने के लिये दौरा किया। जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा सुश्री लाम्या और ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड इन्फर्मेशन सिस्टम, यूनिवर्सिटी ऑफ केलिफोर्निया की पी.एच.डी. की छात्रा सुश्री मेलिसा गुडनाइट ने भारतीय प्रारम्भिक बाल शिक्षा प्रणाली को समझने के लिये सीईसीईडी का दौरा किया।

गुणवत्ता प्रोत्साहन, समर्थता निर्माण और नीतिगत स्तर पर सहायता :

सीईसीईडी प्रशिक्षण औए तकनीकी सहायता के क्रम में बच्चों के लिये गुणवत्ता आधारित सेवाओं के लिये वचनबद्ध है।

पश्चिम बंगाल की ईसीई पाठ्यचर्या :

यूनिसेफ, पश्चिम बंगाल महिला एवम् बाल विकास मंत्रालय के साथ राज्य में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों में प्रारम्भिक बाल शिक्षा की महत्ता की जागरूकता को बढ़ाने हेतु भागीदार है। संवाद की पहल करने के लिये बहुत से कार्यशिविरों का आयोजन किया गया और इसमें बहुत से राष्ट्रीय संगठनों जैसे एनआइपीसीसीडी, एनसीईआरटी और सीईसीईडी को आमंत्रित किया गया। राज्य की आंगनवाड़ी के लिये एक प्रतिभागी प्रक्रिया को प्रारम्भ करने हेतु नई पाठ्यचर्या को विकसित किया गया। सीईसीईडी ने नई पाठ्यचर्या विकास, क्षेत्र परीक्षण पद्धति की समीक्षा के लिये तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध

करवाया और पाठ्यचर्या के दस्तावेजों एवम् क्रियान्वयन के लिये कुछ साधन उपलब्ध करवाये हैं। एक सीईसीईडी सदस्य ने पायलट कार्यक्रम के निरीक्षण के लिये क्षेत्र में दौरा किया और उन 12 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जो कि पायलट कार्यक्रम में भागीदार थे, उनके साथ एक गहन समूह चर्चा को भी आगे बढ़ाने में मदद की।

मोबाइल क्रेच :

सीईसीईडी ने "प्रारम्भिक बाल देखभाल और विकास पर अनुकूलन और संवेदनशीलता" के लिये तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई है। सीईसीईडी अपेक्षानुसार मोबाइल क्रेचो के द्वारा प्रथा को स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण संचालन का निरीक्षण करता है।

प्रारम्भिक अधिगम मानक :

प्रारम्भिक बाल एशिया क्षेत्रीय नेटवर्क ने ईएलएस को "बच्चे क्या जानना चाहते हैं और क्या कर सकते हैं के मानक समूह" के रूप में परिभाषित किया है। यह एक कौशलों का या ज्ञान का समूह है जो एक विशेष आयु तक बच्चे को ग्रहण कर लेने चाहिये। ईएलएस पाठ्यचर्या, मूल्यांकन साधन और अध्यापन रणनीतियों की तैयारी करने में मदद करता है। विकासीय उपयुक्त अभ्यास के आधार पर भारतीय संदर्भ के लिये ईएलएस को सीईसीईडी द्वारा विकसित किया गया है। ईएलएस द्वारा भाषा और साक्षरता, भौतिक और संवेदी विकास, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक और भाव विकास एवम् सृजनकारी और सौन्दर्यीकरण को बढ़ावा देने के विकास को मुख्य रूप से चिह्नित किया गया है।

सीईसीईडी की सलाहकार समिति की चौथी बैठक:

सीईसीईडी की सलाहकार समिति की चौथी बैठक इंटरनेशनल गेस्ट हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय में 25 मार्च 2013 को हुई। इस बैठक का एजेंडा जनवरी 2012 से मार्च 2013 तक सीईसीईडी की प्रगति की समीक्षा और 2013 के लिये गतिविधि योजना के प्रस्ताव की चर्चा करना था। बैठक में सलाहकार समिति को नये चेयरपर्सन प्रो. ए. के. शर्मा (पूर्व निदेशक, एनसीईआरटी और एयूडी अकादमिक परिषद् सदस्य) के साथ पुनः संगठित किया गया।

सामुदायिक ज्ञान केंद्र, एयूडी

सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने नेबरहुड रिकॉर्डिंग वर्कशॉप और अस्थायी नेबरहुड म्युजियम की श्रृंखला के साथ दिल्ली नागरिक मेमोरी प्रोजेक्ट शुरु किया। परंपरागत तौर के कृषि

तरीकों और ज्ञान जो कि सतपुड़ा (नर्मदा नदी के दक्षिण में स्थित) के सूखा कृषि क्षेत्रों में अभी भी प्रयोग में है, उसको मध्य प्रदेश परियोजना में दर्ज किये जाने का कार्य चल रहा है। उत्तर–पूर्व परियोजना मोन, नागालैंड का एक केंद्र है जहाँ एक समुदाय सांस्कृतिक संसाधनों के ह्रास की नृजातीय अन्वेषण की अगुआई कर रहा है। इसका एक अन्य पहलू भौतिक संस्कृतियों का एक आंतरिक अध्ययन करना है – जिसमें नागालैंड, मणिपुर और असम के समुदायों के अधिक पारम्परिक समुदायों में समसामयिक निर्मितियों और इसका प्रयोग होगा।

सामुदायिक ज्ञान केंद्र की गतिविधियों का अन्य पहलू संग्रहालयों के साथ इसका जुड़ाव है, जहाँ दुर्लभ, अनदेखे और ऐतिहासिक सामग्री की सुलभता और डिजिटलाइजेशन को अग्रणी संग्रहालयों द्वारा ऐतिहासिक सामुदायिक ज्ञान का पुनः निर्धारण किया जायेगा। भारतीय संग्रहालय, कोलकाता के साथ मिलकर नागालैंड के ऐतिहासिक सामग्री शिल्पतथ्यों को पुनः निर्धारित करने के लिये एक कार्यक्रम शुरु किया गया है। राष्ट्रीय संग्रहालय और राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के साथ मिलकर ऐतिहासिक क्राफ्टस और शिल्पतथ्यों के अंतर्विषयक पुनः मूल्यांकन के लिये ऐसा ही एक और समान कार्यक्रम शुरु किया गया है। समीक्षा और टिप्पणी के लिये स्त्रोत समुदाय के लिये शिल्प तथ्यों और फोटो का डिजिटल प्रत्यावर्तन करना समुदाय पुनः निर्धारण का एक और पहलू है जिसमें सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने सहयोगी के रूप में प्रवेश किया है।

सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने दिल्ली विश्वविद्यालय के संकाय के साथ सामाजिक विज्ञान शोध में डिजिटल दृश्य–ध्वनि पद्धति पर आधारित क्रेडिट पाठ्यक्रम विकसित किया है। यह चयनित छात्रों के लिये फील्ड शिक्षावृत्ति कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय अतिथि संकाय और इंटर्नशिप कार्यक्रम को क्रियान्वित करेगा।

विश्वविद्यालय आईटी सेवा द्वारा डिजिटल प्रत्यावर्तन को विकसित किये जाने वाले कार्य के अलावा डॉ० लोतिका वरदराजन के नृजातीय अनुसंधान आँकड़ों के आधार पर सामुदायिक ज्ञान केंद्र देश का पहला मल्टीमीडिया एथ्नोग्राफिक आर्काइव भी निर्मित करेगा। आने वाले महीनों में एयूडी इन्सटीट्यूश्नल आर्काइव को सृजित करने के लिये सामुदायिक ज्ञान केंद्र क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।

रिपोर्ट :

केंद्र द्वारा सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों की अवस्थिति का ब्यौरा निम्न रिपोर्ट में उल्लिखित है :

1. दिल्ली नागरिक मेमोरी परियोजना :

दिल्ली नेबरहुड मेमोरी परियोजना नागरिकों की कहानियों, निजी और वैयक्तिक जुबानी इतिहास और संग्रहण जो अभिलेख रिकॉर्ड को पूरित करें, को दर्ज करने और अनावरण करने का प्रयास है। इस परियोजना में नेबरहुड केंद्रित दस्तावेज कार्यशिविरों की एक श्रृंखला को संचालित किया जायेगा जिसकी पराकाष्ठा उन समसामयिक नेबरहुड संग्रहालयों में है जिनको दिल्ली की विविधता को अनावृत करने के लिये चयनित किया गया है। प्रदर्शनी/नेबरहुड संग्रहालय निजी कहानियों और विशेष स्थानीय वस्तुओं को दर्ज और प्रदर्शित कर यह उजागर करने का प्रयास करेगा कि लोग क्यों अपनी जड़ों को छोड़ कर यहाँ रहने लगे और इस शहर को अपना घर बना लिया।

पश्चिम में 'शादी खामपुर' क्षेत्र में पहला नेबरहुड संग्रहालय 26 दिसम्बर 2012 से लेकर 28 फरवरी 2013 तक आम लोगों के लिये खोला गया। यह शोध परियोजना वर्तमान में

एयूडी के सहयोग से चल रही है और राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, आईसीएचआर और अन्य संस्थानों के साथ सहयोग और दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में इस परियोजना को बनाये रखने के लिये चर्चा में है।

2. मध्य प्रदेश—सतपुड़ा क्षेत्र :

वर्तमान में सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने राष्ट्रीय अन्वेषण फाउंडेशन फेलोशिप कार्यक्रम, पिपरिया, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश के अंतर्गत एक फील्ड फेलो को जोड़ा है। एक स्थानीय संगठन के साथ काम करते हुए जतन ट्रस्ट (फेलो) मौखिक इतिहास और पारम्परिक कृषि अभ्यासों और क्षेत्र में इसका कितना प्रयोग है, को दर्ज करने में व्यस्त है। मई 2013 से कुछ मौलिक अन्वेषण और बीज एवम् कृषि अभ्यास आधारित पारंपरिक ज्ञान को 8वें नेशनल रिव्यू ऑफ नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन में समीक्षा के लिये लिया गया है। इस क्षेत्र की बाकी जाँच सतपुड़ा क्षेत्र में अनधिकृत जनजाति स्मारकों के नृ–पुरातात्विक क्षेत्रों में और सांस्कृतिक परिदृश्यों के मौखिक इतिहासों, गांव एवम् समुदायों, स्थानों को व्याख्यायित करने में, तथा कृषि, जंगल, क्राफ्टस कौशल एवम् ज्ञान आधारित परंपरा और परिदृश्यों के सतत् अन्वेषण की ओर नियोजित है।

3. उत्तर–पूर्व क्षेत्र

(क) इसका उद्देश्य मोन नागालैंड के सहयोग से चल रही परियोजना "डॉक्यूमेंटेशन ऑफ कोन्यक कम्युनिटी कल्चरल रिसोर्स" के कार्य को संगठित करना है। यह परियोजना मोन नागालैंड जिले में और उसके आसपास समुदाय आधारित पारम्परिक ज्ञान की वृहत श्रेणी, कार्य प्रक्रियाओं और मौखिक ज्ञान को डिजिटल रूप में दर्ज करेगी. कोन्यक के लगभग 100 गाँवों के दायरे में पूछताछ और प्रश्नावलियों के जरिये पहचान किये गये मूर्त एवम् अमूर्त दोनों तरह के ज्ञानधारकों की पहचान करने का पहले चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस चरण में सामुदायिक ज्ञान केंद्र और एंथ्रोपोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया परियोजना में सहायक थे। दूसरे चरण के लिये एक स्थानीय पार्टनर 'वालो संगठन, मोन (स्टेट प्लानिंग बोर्ड) नागालैंड' द्वारा वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस परियोजना को राज्य मंत्रीमंडल द्वारा पास कराने के लिये गवर्नर कार्यालय, नागालैंड की बहुत मदद मिली।

वर्तमान में सीसीके–एनआईएफ फील्ड डॉक्युमेंटेशन फेलो इस अध्ययन को पूरा करने, सामुदायिक ज्ञान को दर्ज करने और जिले के तीन अलग–अलग क्षेत्रों में उपस्थित

जंगलों के प्रयोग को दर्ज करने हेतु मोन जिले में स्थित हैं। इस संगृहीत आँकड़ों को मौखिक ज्ञान अनुसंधान और प्रलेखन हेतु एयूडी के साथ साझा किया जायेगा। ये आँकड़े मोन शहर में विकास और शिक्षा हेतु जनजातीय विरासत केंद्र के सामुदायिक डिजिटल आर्काइव पर भी उपलब्ध होंगे।

(ख) उत्तर–पूर्व मंच (एनईएफ)–सीसीके की साझेदारी में चलने वाली परियोजना श्रृंखला "मटीरियल कल्चर, क्रिएशन एंड यूजः पर्सपेक्टिव फ्रॉम इनसाइड द कम्युनिटी" की थीम के साथ इसकी फील्ड विजिट को पूरा किया गया। सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने एयूडी में बहुविषयक उत्तर–पूर्व मंच के संकाय सदस्यों द्वारा सामुदायिक ज्ञान पर 7 अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन किया।

"कन्टेम्प्रेरी मटीरियल कल्चर एंड कल्चरल चेंज इन नॉर्थ ईस्ट इंडिया" विषय पर आमंत्रित किये गये पेपर के संकलन के हिस्से के रूप में शोध परियोजनाओं के लिये उत्तर–पूर्व मंच संकाय के सदस्यों द्वारा लिखे गये पेपर को प्रकाशन के लिये भेजा गया है। वस्तुओं के सांस्कृतिक 'अमूर्त रूप' को संबोधित करते हुए, ये अध्ययन भौतिक संस्कृति के अंतर्गत समुदाय के 'अंतरंगी' द्वारा ये उजागर करते हैं कि कैसे एक मूल्यवान सामाजिक शब्द कोश की गतिशील सुस्पष्टता प्रतिस्थापित होती है और यह एक स्थिर वस्तु से कहीं अधिक एक ऐसे शिल्पतथ्य की ओर देखना है जो उन समाजों से विविध तौर पर जुड़ी है जो उन्हें उत्पादित करते हैं।

4. संग्रहालयों में सामुदायिक ज्ञान :

ऐतिहासिक सामुदायिक ज्ञान के पुनः निर्धारण की प्रक्रिया का हिस्सा होने के नाते सामुदायिक ज्ञान केंद्र देश भर के अग्रणी संग्रहालयों के साथ परियोजनाओं में साझेदार हैं।

राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, दिल्ली के साथ हुए एक कार्यशिविर के आधार पर स्कॉलर और पेशेवरों ने मिलकर एक बहुविषयक अध्ययन की रूपरेखा तैयार की है। यह अध्ययन मुख्य रूप से प्राचीन औपनिवेशिक टैक्सटाइल्स जिसमें विशिष्ट तौर पर एक छापा टैक्सटाइल पीस "तपिस मोघोल" पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही वर्तमान में म्यूजियम ऑफ प्रिंटेड टैक्सटाइल्स, मलहाऊस, फ्रांस में स्थित उसी पदार्थ के परम्परागत फूल–पत्तियों और सौंदर्य तत्वों को भी ध्यान में रखा जायेगा। यह राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली की प्रदर्शनी में उच्च स्तरीय डिजिटल दृश्य के साथ मिलकर कार्य करेगा, यह कार्यशिविर कई

अकादमिक क्षेत्रों जैसे कला, इतिहास, वास्तुकला और पुरातत्व, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीविज्ञान, टैक्सटाइल्स और प्राकृतिक प्रिंटिंग क्राफ्ट परम्परा, सामुदायिक ज्ञान और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के विशेषज्ञों को साथ लायेगा। प्रदर्शनी और कार्यशिविर "सफरनामा : जर्नी ऑफ ए कलमकारी हैंगिंग" 30 मार्च से 21 अप्रैल 2013 के बीच राष्ट्रीय संग्रहालय में हुआ। कार्यशिविर के लिये दिये गये शीर्षक के आधार पर पत्रों को समय अंतराल में प्रकाशित किया जायेगा।

ii. देशभर में संग्रहालय के विस्तारण का हिस्सा होने के नाते सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने इंडियन म्यूजियम कोलकाता के सहयोग से डिजिटल प्रत्यावर्तन सहयोग को शुरु किया। 26–27 नवम्बर 2012 में कार्यशिविर ने डिजिटलीकरण और टिप्पणी के द्वारा सामुदायिक ज्ञान धारकों के सहयोग के साथ, दो शताब्दी पूर्व नागा जनजाति के विरल ऐतिहासिक शिल्पतथ्यों को पहली बार औपनिवेशिक दौर के नागा जनजाति के बीच भौतिक संस्कृति की रूपरेखा खींची गई। यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज, म्यूजियम ऑफ एंथ्रोपोलोजि एंड आर्कयालॉजी, नागा वीडियो डिस्क के स्त्रोत से प्राप्त फोटो और फिल्म को चिंतन हेतु प्रेरित करने के लिये सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया और मोन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यों के साथ परंपरागत ज्ञान और अभ्यासों की स्मृतियों को शुरु किया गया। यह परियोजना सामुदायिक सांस्कृतिक ज्ञान धारकों को स्कॉलर एवम् अन्य लोगों के साथ जोड़ पाई है।

5. अध्यापन पाठ्यक्रम / कार्यशिविर :

I. सामुदायिक ज्ञान केंद्र ने बी.ए. तृतीय वर्ष के 2012 के ग्रीष्मकालीन सत्र के लिये "डेल्ही इन हिस्ट्री" पर फील्ड कार्य को संचालित किया। छात्रों के लिये शहर के कुछ खास क्षेत्रों के नागरिकों की मेमोरी पर आधारित मौखिक साक्षात्कार रिकॉर्ड करना फील्ड वर्क का विषय था।

ii- सामुदायिक ज्ञान केंद्र 2013 के शरदकालीन सत्र के लिये फील्ड वर्क में दृश्य श्रवण पद्धति पर आधारित एक विशिष्ट रुचि पाठ्यक्रम "डिजिटल स्टोरीटेलिंग" को विकसित कर रहा है। इसको हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट मौखिक इतिहासकार प्रो. सुरूपा मुखर्जी के साथ मिलकर विकसित किया गया है।

6. छात्रवृत्तियाँ / अतिथि संकाय / इंटर्नशिपः

I. एयूडी–एनआईएफ फील्ड फेलोशिप कार्यक्रम को राष्ट्रीय अन्वेषण फाउंडेशन के साथ करार के अंतर्गत समुदाय आधारित पारम्परिक ज्ञान को दर्ज करने और जमीनी स्तर के अन्वेषण को संचालित करने के लिये शुरु किया गया है। इस कार्यक्रम में दो फील्ड डॉक्युमेन्टेशन फेलो का चयन किया गया है जो कि दो स्थानों मोन (नागालैंड) और पिपरिया (मध्यप्रदेश) में 15 मई 2012 से अपना कार्य शुरु कर चुके हैं।

ii. अगस्त 2012 में अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस के डॉ० स्टीफन मॉनटेरियो ने सामुदायिक ज्ञान केंद्र में अतिथि संकाय के रूप में शिरकत की। मॉनटेरियो ने एन.ई. भौतिक संस्कृति परियोजना के परिणामों को दर्शाया और संबंधित संकाय सदस्यों के साथ विश्लेषण हेतु चर्चा की। इसके अलावा मॉनटेरियो ने एयूडी में नृजातीय परिप्रेक्ष्य से भौतिक संस्कृति अध्ययन के भावी पाठ्यक्रम के प्रारम्भिक कोर्स के नतीजों पर भी कार्य शुरु किया।

iii. डॉ० मॉनटेरियो वर्तमान में "फाउंडेशन दे ला मैसन देस साइंसेज दे होम्मे" (FMSH) पेरिस, साउथ एशिया प्रोग्राम के निदेशक डॉ० मैक्स जिंस के साथ कार्यरत हैं जिन्होंने 21 मार्च 2012 में सामुदायिक ज्ञान केंद्र, एयूडी में शिरकत की थी। इसका उद्देश्य सामुदायिक ज्ञान केंद्र में फ्रांस के नृजाति विज्ञान क्षेत्र के दो छात्रों के साथ एक पोस्ट डॉक्टोरल विजिटिंग फेलो कार्यक्रम को शुरु करना और परियोजनाओं पर पारस्परिक निर्णय द्वारा सीसीके टीम के साथ काम करना है।

iv. इंडियन आर्ट एंड कल्चर की ऑनलाइन इनसाइक्लोपीडिया ने मई–अगस्त 2012 तक चलने वाले दो से चार महीने की इंटर्नशिप के लिये तीन पूर्वस्नातक छात्रों का चयन किया हैं।

7. ज्ञान कोष और डिजिटल आर्काईविंग कार्यक्रमः

I. सामुदायिक ज्ञान केंद्र एयूडी डिजिटल मल्टीमीडिया रिपोजीटरी के क्रियान्वयन के लिये एयूडी के लिये आईटी सेवा के साथ साझेदारी कर रहा है। हार्डवेयर की माँग को निर्धारित कर लिया गया है और सॉफ्टवेयर एवम् ओपरेटिंग सिस्टम को प्रमाण के आधार पर स्थापित कर दिया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर एक डिजिटल मल्टीमीडिया रिपोजीटरी का विकास, निर्माण, पोषण, देखरेख और प्रबंधन के लिये आईटी सेवा स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया है। सामुदायिक ज्ञान केंद्र के मौजूदा और प्रस्तावित कार्यक्रम एयूडी के अन्य अध्ययनशालाओं के छात्रों और संकाय अनुसंधान परियोजनाओं के साथ मिलकर आर्काइव के लिये सहयोग देंगे।

ii. सामुदायिक ज्ञान केंद्र को दो साप्ताहिक और सामाजिक इतिहास आर्काइव का निर्माण करने हेतु दो अग्रणी साहित्यकार हस्तियों श्री अमृतलाल नागर और श्री सज़्ज़ाद ज़हीर के निर्वाहकों द्वारा प्रस्ताव दिया गया है जिसमें मूल पाठ, फोटोग्राफिक, श्रव्य और फिल्म सामग्री शामिल होगा। वर्तमान में विषयवस्तु का मूल्यांकन और चर्चा चल रही है और वित्तीय माँगों पर कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली मूल वित्तीय सहायता के साथ–साथ डिजिटाईजेशन के लिये अन्य वित्तीय स्त्रोतों को भी खोजा जा रहा है।

